रोहतक

सोमवार 20 जुलाई 2026

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 30, अंक : 166
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम** हरियाणा

अधि. 40.3°C
न्यून. 27.2°C



7 संग्राम सिंह ने पाक फाइटर को 80 सेकेंड में किया नॉकआउट, बने एशिया चैंपियन





For class 12th pass students here's your chance to improve in NEET (UG) 2027

ADMISSIONS OPEN
LEADER COURSE
Batch starting from 25 JULY 2026
For admission to other ALLEN centers visit respective center or website

ALLEN ROHTAK
89513 95601
allen.ac.in/rohtak

ALLEN CHANDIGARH
89513 95508
allen.ac.in/chandigarh

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE : 95137 36499 allen.in

Repeater Students can avail **Scholarship up to 90%*** based on their performance in NEET (UG) 2026.
*Subject to scholarship rules and T&Cs.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.

*Subject to scholarship rules and T&Cs.

# ALLEN

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

## RESULT: NEET (UG) 2026

## 690+ स्कोर करने वाले 138 छात्रों में से 67 ALLENites

AIR 14 Sarthak Mahesh Patil, Distance Learning Program
AIR 15 Krish Gupta, Distance Learning Program
AIR 16 Kartik Chaudhary, Classroom Course
AIR 17 Mansha Garg, Classroom Course
AIR 18 Kritik Jain, Classroom Course
AIR 22 Harshil Gupta, Distance Learning program
AIR 26 Shaurya Patel, Classroom Course
AIR 29 Ashi Goyal, Classroom Course
AIR 30 Akshit Kumar Gaur, Classroom Course
AIR 31 Prakhar Bansal, Classroom Course
AIR 32 Arnav Lahoti, Classroom Course
AIR 34 Raushmit Gupta, Classroom Course
AIR 35 Sabyasachi Laskar, Online Classroom Course
AIR 39 Ranveer Kumar, Classroom Course
AIR 43 Hiya Jasmin Vasavada, Classroom Course
AIR 44 Madhvan Mahajan, Classroom Course
AIR 49 Thejas Varun Reddy, Classroom Course
AIR 50 Arnav Jindal, Classroom Course
AIR 51 Vanisha Satish, Classroom Course
AIR 52 Gunjan, Classroom Course
AIR 54 Yash, Classroom Course
AIR 55 Ravi Kant Diwakar, Distance Learning Program
AIR 56 Bhavika Gupta, Classroom Course
AIR 57 Saumya Patel, Classroom Course
AIR 58 Anushka Choudhary, Classroom Course
AIR 64 Diganth B S, Classroom Course
AIR 65 Kushagra Mittal, Classroom Course
AIR 66 Harshul Garg, Classroom Course
AIR 67 Sagar Rajesh Karikar, Classroom Course
AIR 69 Johann Job, Distance Learning Program
AIR 70 Samarth Saini, Classroom Course
AIR 77 Saumya Badole, Classroom Course
AIR 79 Divit Jain, Distance Learning Program
AIR 81 Mohammad Fawwaz, Classroom Course
AIR 83 Kompella S. G. Tejoarunima, Online Test Series
AIR 84 Ananya Sinha, Online Test Series
AIR 85 Anushri Ajay Thorat, Distance Learning Program
AIR 88 Navithana B., Classroom Course
AIR 93 Premal Patel, Classroom Course
AIR 94 Shreyankh J, Classroom Course
AIR 96 Aditya Benarjee, Classroom Course
AIR 97 Vinayak Garg, Classroom Course
AIR 101 Shukla Dhyan Anand, Classroom Course
AIR 102 Nabhya Mohan Mehta, Online Test Series
AIR 104 Ekagra Yadav, Distance Learning Program
AIR 107 Arima Jha, Online Test Series
AIR 108 Priyanshu Lamba, Classroom Course
AIR 109 Sampreeth J, Classroom Course
AIR 111 Himanshu Kumar, Classroom Course
AIR 113 Rajdeep Gupta, Classroom Course
AIR 114 Mihir N. Patel, Distance Learning Program
AIR 117 Shiprak Goyal, Classroom Course
AIR 119 Amir F. Varawalla, Classroom Course
AIR 120 Sarthak Pethkar, Classroom Course
AIR 123 Devesh S. Agrawal, Distance Learning Program
AIR 128 Aakarsh Gupta, Classroom Course
AIR 129 Mayank Kumar Singh, Classroom Course
AIR 132 Arsh Chauhan, Classroom Course
AIR 133 Shubh Prasad, Classroom Course
AIR 135 Yash, Classroom Course
AIR 136 Charvi Agrawal, Classroom Course
AIR 137 Gopal Vijay Patil, Classroom Course

## ALLEN CHANDIGARH & HARYANA CHAMPIONS

6 Students in Top 100 AIR | 15 Students in Top 500 AIR | 21 Students in Top 1000 AIR | 51 Students in Top 5000 AIR

HARYANA GIRLS' TOPPER
AIR 17 MANSHA GARG, Classroom Course
AIR 29 ASHI GOYAL, Classroom Course
CHANDIGARH TOPPER
AIR 44 MADHVAN MAHAJAN, Classroom Course
AIR 50 ARNAV JINDAL, Classroom Course
AIR 66 HARSHUL GARG, Classroom Course
AIR 70 SAMARTH SAINI, Classroom Course

AIR 128 HIMACHAL TOPPER Aakarsh Gupta, Classroom Course
AIR 174 Shaurya Singla, Classroom Course
AIR 175 Aadel Chaahal, Classroom Course
AIR 181 Lakshika, Classroom Course
AIR 207 Gurvansh Singh, Classroom Course
AIR 208 Nipun Garg, Classroom Course
AIR 351 Mannat, Classroom Course
AIR 477 Aanannya Goyal, Classroom Course
AIR 479 Sankalp Garg, Classroom Course
AIR 529 Akarsh Aggarwal, Classroom Course
AIR 587 Ramneet Kaur, Classroom Course
AIR 690 Vanya Mittal, Classroom Course
AIR 703 Pushkar Kumar, Classroom Course
AIR 705 Manit Singla, Classroom Course
AIR 756 Akshaj Sharma, Classroom Course
AIR 1045 Anurag Chugh, Classroom Course
AIR 1056 Amarjot Kaur, Classroom Course
AIR 1090 Daksh, Classroom Course
AIR 1128 Gunnar Singla, Classroom Course
AIR 1191 Madhavi Gupta, Classroom Course
AIR 1283 Gunmay Phull, Classroom Course
AIR 1486 Arnav Gupta, Classroom Course
AIR 1538 Riya Dewan, Classroom Course
AIR 1733 Aayush Garg, Classroom Course
AIR 1855 Ayaana Chawla, Classroom Course
AIR 1962 Gauri, Classroom Course
AIR 2070 Ishan Bhardwaj, Classroom Course
AIR 2148 Veer, Classroom Course
AIR 2630 Gauranshi Dhingra, Classroom Course
AIR 2830 Aarushi Jindal, Classroom Course
AIR 3205 Mannat, Classroom Course
AIR 3280 Sachin, Classroom Course

As per result compiled till 19 July 2026 (06:00 PM)

They made it happen with ALLEN.
Now it's your turn.

Make your NEET (UG) 2027 preparation stronger with ALLEN's Computer-Based Test (CBT) expertise.

## ADMISSIONS OPEN

NEET | JEE | OLYMPIADS | CLASSES 6TH TO 12TH & 12TH PASS

Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

Repeater Students can avail Scholarship up to 90%* based on their performance in NEET (UG) 2026.

## TALLENTEX

ALLEN's Talent Encouragement Exam 2027

REGISTER NOW ~~₹300~~ ₹150 OFFER VALID TILL 22 JULY

SCHOLARSHIP* UP TO 90%

CASH REWARDS WORTH ₹2.5 CRORE*

*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.

ALLEN ROHTAK
89513 95601 allen.ac.in/rohtak

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with ALLEN. All result-related claims are based on publicly available information.

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## स्पेन 1-0 अर्जेंटीना

फीफा वर्ल्ड कप

# स्पेन चैंपियन

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

स्पेन ने 16 साल बाद फुटबॉल वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। टीम ने न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए फाइनल में 2022 की चैंपियन अर्जेंटीना को 1-0 से हराया। स्पेन के लिए एक्स्ट्रा टाइम में फेरन टोरेस ने गोल किया। इसी के साथ स्पेन ने

### 2010 के बाद दूसरी बार खिताब जीता

2010 के बाद दूसरी बार ट्रॉफी अपने नाम की। तब टीम ने नीदरलैंड को 1-0 से हराया था। मुकाबले के निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमें गोल नहीं कर

### स्पेन ने किया शानदार खेल का प्रदर्शन

सकीं। पहले हाफ में स्पेन के लामिन यमाल और अर्जेंटीना के कप्तान लियोनेल मेसी को गोल करने के मौके मिले, लेकिन दोनों उन्हें भुना नहीं सके। पूरे मैच में

### स्टार खिलाड़ी मेसी नहीं कर पाए गोल

स्पेन ने लगातार अटैकिंग खेल दिखाया, जबकि अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने कई शानदार बचाव कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा।

## फेरन टोरेस जीत के हीरो 106वें मिनट में दागा गोल



गोल के बाद जश्न मनाते फेरन टोरेस

### एंजो फर्नांडीज को रेड कार्ड, आखिरी मिनट में स्पेन को फ्री-किक

इंजरी टाइम में अर्जेंटीना को बड़ा झटका लगा। 90+4वें मिनट में एंजो फर्नांडीज को देर से टैकल करने पर दूसरा येलो कार्ड मिला और रेफरी ने उन्हें रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया। फैसले के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई, लेकिन वीएआर ने जांच के बाद भी रेड कार्ड के फैसले को बरकरार रखा।

### स्पेन के युवा खिलाड़ी लामिन यमाल ने मैच में बनाए रखा दबाव

स्पेन के युवा प्लेयर लामिन यमाल ने पूरे मुकाबले में अर्जेंटीना की डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा। वहीं मेसी ने भी कई बार स्पेन के बॉक्स में घुसने की कोशिश की, लेकिन वे गोल नहीं कर सके। 41वें मिनट में अर्जेंटीना के लिसांद्रो मार्टिनेज और दूसरे हाफ के 52वें मिनट में लिएंड्रो पारेदेस को भी येलो कार्ड दिखाया गया।

### इन्हें मिला पुरस्कार

गोल्डन बॉल : लियोनेस मेसी (अर्जेंटीना)

**गोल्डन बूट : किलियन एम्बाप्पे** (फ्रांस)

गोल्डन ग्लव : उनाई सिमोन (स्पेन)

**बेस्ट यंग प्लेयर : लामिन यामाल** (स्पेन)

फेयर प्ले अवॉर्ड : स्पेन (अनुशासित खेल)

## खबर संक्षेप

### रोहित का शतक, तीसरा वनडे हारा भारत

**लॉर्ड्स।** इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में भारत को 27 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। लॉर्ड्स में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 387/3 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 50 ओवर में 360 रन ही बना सकी। रोहित शर्मा ने 138 रन की पारी खेली, लेकिन जीत नहीं दिला सके। 388 रन का पीछा करते हुए भारत के लिए रोहित शर्मा और कप्तान शुभमन गिल ने पहले विकेट के लिए 147 रन जोड़े।



*(खेल पेज भी देखें)*

### इंस्टाग्राम और फेसबुक की सर्विस हुई डाउन

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम रविार को डाउन हो गया है। इसके अलावा फेसबुक और मैसेंजर पर भी यूजर्स को दिक्कत हुई। आउटेज ट्रैक करने वाली वेबसाइट डाउनडिटेक्टर के मुताबिक, 4000 से ज्यादा लोगों ने इंस्टाग्राम में आ रही समस्याओं की शिकायत की है। वहीं, फेसबुक पर 3000 से अधिक यूजर्स ने शिकायत की। वहीं, मैसेंजर पर भी 100 से ज्यादा लोगों ने सर्विस में रुकावट की रिपोर्ट की है। *एजेंसी*

### आधार एप ने पार किया चार करोड़ डाउनलोड्स का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** डिजिटल इंडिया के दौर में सरकार के आधिकारिक आधार एप ने 4 करोड़ डाउनलोड्स का जादुई आंकड़ा पार कर लिया है। ऐप अब आधार से जुड़ी सेवाओं का वन-स्टॉप अड्डा बन चुका है, जिससे लोगों को आधार सेंटर की लंबी लाइनों से मुक्ति मिल गई है। एप के जरिए अब तक 11.65 लाख से ज्यादा लोग पता और करीब 49 लाख ने अपना मोबाइल नंबर अपडेट कर चुके हैं। *एजेंसी*



### मध्यप्रदेश में यूसीसी बिल को कैबिनेट की मंजूरी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड, यूसीसी) लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। रविवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में यूसीसी विधेयक-2026 के ड्राफ्ट को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। अब इसे विधानसभा में पेश किया जाएगा। विधानसभा का सत्र कल से शुरू हो रहा है। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सरकार विधेयक को विधानसभा में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। *एजेंसी*

# आज से फिर रफ्तार पकड़ेगा मानसून

22 जुलाई तक अच्छी बरसात की संभावना | गर्मी और उमस से लोगों को मिलेगी राहत | उत्तरी जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट | प्रदेश में अब तक 24 फीसदी कम बरसात

हरिभूमि टीम ▶▶| हरियाणा

हरियाणा में पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी और उमस से अब राहत मिलने का समय आ गया है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में आज (रविवार) से मौसम के मिजाज में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। आने वाले दिनों में मानसून की सक्रियता बढ़ने के कारण प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। रविवार से बारिश की गतिविधियों में तेजी आएगी। प्रदेश के उत्तरी जिलों पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र में कुछ स्थानों पर भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। बाकी के अधिकांश, मध्य और दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। वहीं, रविवार देर शाम को हरियाणा में मौसम बदलने से उमस और गर्मी से राहत मिली। 17 जुलाई को बिजली की डिमांड ऑल टाइम पीक 14,429 मेगावट पर पहुंच गई थी, मगर 18 जुलाई शाम को मौसम बदलने से डिमांड घटकर 13,887 मेगावाट पर पहुंच गई।



### उमस ने हालत की खराब

पिछले तीन दिन से उमस ने लोगों की हालत खराब कर रखी है। धूप के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। राज्य में सबसे ज्यादा तापमान सिरसा में 40.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। इसके अलावा रोहतक में पारा 40.3 डिग्री , हिसार में 39.7 डिग्री और भिवानी में 39.5 डिग्री दर्ज हुआ। हालांकि, पिछले दिन के मुकाबले औसत अधिकतम तापमान में 0.4 डिग्री की मामूली गिरावट देखी गई।

### करनाल व नारनौल में बारिश, जलभराव

प्रदेश में रविवार शाम दो जिलों करनाल और नारनौल में बारिश हुई। इससे लोगों को पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से थोड़ी राहत जरूर मिली। हालांकि, करनाल में करीब आधे घंटे की तेज बारिश से जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। मौसम विभाग ने आज रविवार से मौसम के मिजाज में बड़े बदलाव का अनुमान जताया है।

### 22 जुलाई तक अच्छी बारिश होगी

हरियाणा में मानसून 20 जुलाई को पूरी तरह हरियाणा में सक्रिय दिखाई देगा। मौसम विभाग के अनुसार, 20 जुलाई से 22 जुलाई के बीच मानसून पूरे पीक पर रहेगा। 20 और 21 जुलाई को उत्तरी और पूर्वी हरियाणा के जिलों यमुनानगर, अंबाला, पंचकूला, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। 22 जुलाई को भी उत्तरी हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी रहेगा। वहीं, 23 जुलाई को बारिश की तीव्रता थोड़ी कम होगी, लेकिन कुछ इलाकों में भारी बारिश दर्ज की जा सकती है। इस दौरान दक्षिण और पश्चिमी हरियाणा सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, जींद में भी अनेक स्थानों पर अच्छी बारिश देखने को मिलेगी।

## जम्मू के पुंछ-किश्तवाड़ में बादल फटे, 11 की मौत

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और किश्तवाड़ में शनिवार रात बादल फट गए। बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है। पुंछ के सुरनकोट में लैंडस्लाइड से एक मकान मलबे में दब गया। उस वक्त घर में 8 लोग थे। इनमें 2 साल के बच्चे समेत 5 लोगों के शव बरामद किए गए। किश्तवाड़ के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा। राजौरी में भी भारी बारिश के बाद धारहाल नदी का जलस्तर बढ़ गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं। उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े- खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया। इधर, नगालैंड के मोन इलाके में हुई लैंडस्लाइड के बाद एनडीआरएफ की टीमों ने मलबे से 8 शव निकाल लिए हैं, जबकि कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है। अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन के इस दौर में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 1,49,257 लोग प्रभावित हुए हैं।



नगालैंड में लैंडस्लाइड से 8 लोगों की मौत

*झज्जर के छारा गांव में वारदात*

## सिक्योरिटी ठेकेदार को गोलियों से भून डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव छारा में दो पक्षों के बीच किसी बात पर हुई कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। विवाद के दौरान छारा टोल प्लाजा के सिक्योरिटी ठेकेदार की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका भतीजा पांव में गोली लगने से घायल हुआ है। आसौदा थाना पुलिस ने घायल भतीजे की शिकायत पर 6 नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या, जान से मारने का प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 45 वर्षीय नीरज के रूप में हुई है। पेशे से ठेकेदार नीरज ने छारा टोल पर सिक्योरिटी का ठेका ले रखा था। जानकारी के अनुसार, रात करीब 12 बजे यह वारदात हुई। मामले में सामने आया है कि मृतक नीरज और उसके भतीजे को फोन करके आरोपी पक्ष ने बुलाया था। दोनों वहां गए तो झगड़ा हो गया। आरोप है कि तब नितेश ने पिस्तौल से नीरज पर चार पांच गोलियां चलाई। मनजीत बचाने लगा तो उसके पांव पर भी गोली मारी। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। इलाज के दौरान नीरज की मौत हो गई, जबकि 24 वर्षीय मनजीत का इलाज जारी है।



छारा टोल प्लाजा पर करता था काम

**आरोपियों ने फोन करके बुलाया, फिर झगड़े के दौरान चलाई गोलियां**

### तीन-चार दिन पहले हुई थी कहासुनी

पुरानी रंजिश के चलते वारदात होने की बात सामने आई है। पुलिस को दी शिकायत में घायल मनजीत ने कहा है कि तीन-चार दिन पहले उसकी नितेश के साथ कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में नितेश जान से मारने की धमकी दे रहा था। शनिवार रात करीब 12 बजे नितेश के साथी प्रमोद ने फोन कर चाचा को बात करने के लिए नितेश के घर बुलाया। हम वहां गए तो इसी बचने के लिए भागने लगे तो नितेश ने हम पर गोलियां चला दी तथा जान से मारने की धमकी देकर चले गए।

## ईरान का दावा, अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया

**वीडियो भी जारी किया**

**एमक्यू-9 रीपर अमेरिकी सेना का आधुनिक मानव रहित ड्रोन**

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने खुजेस्तान प्रांत के अहवाज में अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरानी सरकारी मीडिया ने ड्रोन गिराने का वीडियो भी जारी किया है। आईआरजीसी के मुताबिक, उसने अपने नए डिफेंस सिस्टम से ड्रोन को निशाना बनाया। हालांकि अमेरिका ने अब तक न तो ड्रोन गिराए जाने के दावे की पुष्टि की है और न ही जारी वीडियो पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। एमक्यू-9 रीपर अमेरिकी सेना का अत्याधुनिक मानव रहित ड्रोन है, जिसका इस्तेमाल निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और सटीक हवाई हमलों के लिए किया जाता है। दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने लगातार आठवीं रात ईरान के खिलाफ हवाई हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने जानकारी दी थी कि जॉर्डन में ईरान के मिसाइल हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, जबकि एक सैनिक लापता है।

*2 साल बाद कोई टाइटल जीता*

## पीवी सिंधु जापान ओपन जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी

**टोक्यो (एजेंसी)।** भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट जीत लिया है। वे यह टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनी हैं। 31 साल की सिंधु ने रविवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में जापान की अकाने यामागुची को 21-17, 21-17 से हराया। यह मैच 50 मिनट तक चला। सिंधु 4 साल बाद यामागुची को किसी फुल मैच में हरा सकी हैं। उन्हें पिछली जीत थाईलैंड ओपन में 2022 में मिली थी। पिछले साल मलेशिया ओपन में यामागुची रिटायर हर्ट हो गई थीं।



झज्जर में जहरीली गैस की चपेट में आने से गई जान

## कुएं में गिरे गोवंश को बचाने उतरे चार युवाओं की मौत

### जेसीबी की मदद से कुएं को तोड़कर चलाया रेस्क्यू

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)।** गांव मुनीमपुर में रविवार देर रात उस समय हाहाकार मच गया, जब कुएं में गिरे गोवंश को बचाने के लिए उतरे चार युवाओं की मौत हो गई। कुएं में डूबने की सूचना मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। फायर बिग्रेड पुलिस और ग्रामीणों ने युवाओं को बचाने का प्रयास किया। कुएं को खाली करवाने के लिए जहां ग्रामीणों ने सेफ्टिक टैंक की मदद ली, वहीं जेसीबी की सहायता से भी कुएं को तोड़ कर पानी को निकालने का प्रयास किया। लेकिन युवाओं को नहीं बचाया जा सका। बताया जा रहा है कि कुआं करीब 150 वर्ष पुराना है। जिसके कारण उसमें बनी जहरीली गैस बनने और समयानुसार प्रशासनिक सहायता नहीं मिलने के कारण यह हादसा हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने भी मौका मुआयना किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मृतकों की पहचान मोनू, दलबीर, नरेंद्र और प्रवासी श्रमिक रामू के तौर पर की गई है। बादली से विधायक कुलदीप वत्स भी मौके पर पहुंचे और मामले को लेकर प्रशासन और शासन को अवगत करवाया।





*रायपुर के जालसाज को दिल्ली से पकड़ा*

## 1000 करोड़ की धोखाधड़ी में व्यापारी गोयनका गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

धोखाधड़ी और जालसाजी के मास्टरमाइंड रायपुर निवासी महेंद्र गोयनका को कोलकाता पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है। गोयनका पर कटनी निवासी और विधायक संजय पाठक के पारिवारिक स्वामित्व वाली कंपनियों से लगभग 1,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप है। गोयनका ने फर्जी हस्ताक्षरों के सहारे पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध रूप से नियंत्रण हासिल कर लिया था। इस संबंध में कोलकाता में आईपीसी की धारा 420, 120बी, 467, 468 और 471 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वह पूर्व में संजय पाठक की कंपनी यूरो प्रतीक इस्पात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में प्रमुख प्रबंधकीय पद पर कार्यरत था। गोयनका के खिलाफ कटनी में भी दो अलग-अलग आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस मामले में उसके फरार सहयोगियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट से भी खारिज हो चुकी हैं।



विधायक संजय पाठक परिवार की कई कंपनियों पर अवैध रूप से नियंत्रण पाया

## सरकार और पुलिस से 3 दिन में मांगा जवाब

# वांगचुक को इलाज के लिए उठाना गलत नहीं : दिल्ली हाईकोर्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती सोनम वांगचुक को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा- स्वास्थ्य बिगड़ने और डिवीजन बेंच के आदेश के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया। सरकार की इस कार्रवाई को मनमाना नहीं कहा जा सकता। वांगचुक को वहीं दवाएं दी जा रहीं, जिसमें उनकी रजामंदी है। कोर्ट ने केंद्र और दिल्ली सरकार के साथ पुलिस को 3 दिन में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। दरअसल सोनम की पत्नी गीतांजलि ने वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से प्राइवेट हॉस्पिटल शिफ्ट करने की मांग की थी।




**वांगचुक को वहीं दवाएं दी जा रहीं, जिसमें उनकी रजामंदी**

●

**अस्पताल में भी वांगचुक की भूख हड़ताल जारी**

**गीतांजलि बोलीं, संसद में मुद्दा उठे तो खत्म कर देंगे अनशन**

सोनम की पत्नी गीतांजलि ने कहा है कि अगर राजनीतिक दलों के नेता अस्पताल पहुंचकर वांगचुक से मिलें और भरोसा दें कि वे संसद में यह मुद्दा उठाएंगे, तो वह अपना अनशन समाप्त कर देंगे। सोनम वांगचुक की मांग शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही सुनिश्चित करने की है और वे चाहते हैं कि इस मुद्दे पर संसद में गंभीर चर्चा हो। यदि नेताओं की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलता है, तो वांगचुक अनशन खत्म कर देंगे।

### ये पहुंचे जंतर-मंतर पर

- एक्टर शबाना आजमी, प्रकाश राज और आप नेता मनीष सिसोदिया वांगचुक का समर्थन करने दीपके से मिलने जंतर-मंतर पहुंचे।
- वांगचुक का इलाज कर रहे डॉक्टर्स ने कहा- ब्लड सेल्स में मामूली सुधार हुआ है, फिर भी गहन निगरानी की आवश्यकता है।
- दिल्ली पुलिस ने कहा- कॉकरोच जनता पार्टी ने मार्च की परमिशन नहीं ली है। हमने क्षेत्र में बीएनएसएस की धारा 163 लागू कर दी है।
- वांगचुक की पत्नी ने आरोप लगाया कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर हमें उनकी रेगुलर हेल्थ रिपोर्ट नहीं दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### सोनम वांगचुक के समर्थन में उतरे दिग्विजय चौटाला

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने दिल्ली जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे सोशल एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक को जबरदस्ती पुलिस द्वारा उठाने की घटना की कड़ी निंदा की है और इस पूरे घटनाक्रम को लोकतंत्र के लिए खतरनाक बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार देश के लाखों युवाओं के सवालों के जवाब देने की बजाय शिक्षा के क्षेत्र में सुधार की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे सोनम वांगचुक की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है। दिग्विजय ने कहा कि ऐसी गैर जिम्मेदाराना भाजपा सरकार को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### निवेश के नाम पर 19.75 लाख की साइबर ठगी

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 19.75 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले का खुलासा करते हुए झांसी (उत्तर प्रदेश) निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। आरोपी को झांसी से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी साइबर ठगी के नेटवर्क में दूसरी लेयर का खाताधारक था। ठगी की गई रकम में से करीब नौ लाख रुपये उसके बैंक खाते में ट्रांसफर हुए थे। आरोपी एमएड पास है और झांसी में कंप्यूटर सेंटर चलाता है। जांच में उसके बैंक खाते से देशभर में 40 साइबर ठगी की शिकायतें जुड़ी मिली हैं तथा खाते में ढाई करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन सामने आया है। पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

### गुप्त नवरात्रि पर 224वां भंडारा लगाया

**पंचकूला।** गुप्त नवरात्रि के पावन अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से फेज-1 औद्योगिक क्षेत्र में 224वें अन्न भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया तथा सेवा कार्य में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। ट्रस्ट के संस्थापक एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा ने कहा कि गुप्त नवरात्रि साधना, भक्ति और सेवा का विशेष पर्व है। उन्होंने कहा कि अन्नदान मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है और जरूरतमंदों को भोजन कराना मां भगवती की सच्ची आराधना है। ऐसे सेवा कार्य समाज में प्रेम, समानता व सहयोग की भावना विकसित होती है।

### मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विद्यालय प्रबंधन समितियों से किया संवाद

# अब सरकारी स्कूलों का होगा मूल्यांकन, सच पोर्टल लॉन्च

### समितियों को 25 लाख तक के विकास कार्य कराने की मंजूरी मिलेगी

सीएम का बड़ा ऐलान उत्कृष्ट विद्यालय प्रबंधन समितियों को मिलेगा 10 लाख का पुरस्कार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



### विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा देना सरकार का लक्ष्य : नायब

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुरूप हरियाणा सरकार गुणवत्तापूर्ण और संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने समिति के सदस्यों से स्कूलों का बेहतर वातावरण बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही स्कूल मुखियाओं, शिक्षकों और विद्यार्थियों से स्कूल परिसर में पौधरोपण करने तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को भी सरकारी स्कूलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता और जनभागीदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि खंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों (एसएमसी) को 10 लाख रुपये का विशेष प्रोत्साहन दिया जाएगा। यह राशि संबंधित स्कूल के विकास कार्यों पर खर्च की जाएगी। उत्कृष्ट समितियों का चयन स्कूलों के मूल्यांकन के लिए शुरू किए गए 'सच' पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने रविवार को हरियाणा निवास, चंडीगढ़ से प्रदेशभर की सरकारी स्कूलों की विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ राज्यस्तरीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के मूल्यांकन के लिए 'सच' पोर्टल का शुभारंभ भी किया। उन्होंने घोषणा की कि विद्यालय प्रबंधन समितियों को पेयजल टैंक, शौचालय, चारदीवारी और अन्य जरूरी मरम्मत जैसे छोटे विकास कार्यों के लिए एक लाख रुपये तक खर्च करने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) की स्वीकृति के बाद समितियां 25 लाख रुपये तक के विकास कार्य भी करा सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले के एक सरकारी स्कूल की विद्यालय प्रबंधन समिति से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधा संवाद किया। उन्होंने स्कूलों में स्वच्छता, पेयजल, शौचालय, खेल सुविधाएं, विद्यार्थियों की संख्या, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, सुपर-100 और बुनियाद कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भागीदारी, आईआईटी-आईआईएम में चयन, खिलाड़ियों की उपलब्धियों, विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठकों और अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। उन्होंने समितियों से स्कूलों की बेहतरी के लिए सुझाव भी मांगे।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समितियां शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने समिति सदस्यों से सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने और स्कूलों की समस्याओं के समाधान में सक्रिय सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही शिक्षा में व्यापक परिवर्तन संभव है।

### भूमि अभिलेखों का आधुनिकीकरण मिशन मोड में पूरा करें

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को हरियाणा निवास में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व विभाग की सभी सेवाएं पारदर्शी, तकनीक आधारित और समयबद्ध हों। उन्होंने उपायुक्तों से कहा कि राजस्व संबंधी शिकायतों के निस्तारण की व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा प्रत्येक अस्वीकृत आवेदन का स्पष्ट कारण दर्ज किया जाए। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, डिजिटल गवर्नेंस और नागरिक-केंद्रित सुधारों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 40.20 करोड़ से अधिक पुराने राजस्व अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है, जबकि 99 प्रतिशत गांवों के नक्शों का जियो-रेफरेंसिंग कार्य पूरा हो चुका है। पांच लाख से अधिक लंबित इंतकाल मामलों का निस्तारण भी किया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि जिलों में आयोजित समाधान शिविरों में राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान हो सके। उन्होंने भूमि पंजीकरण कार्यालयों में वेटिंग रूम, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम और डिजिटल टोकन डिस्प्ले जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में एग्री स्टैक किसान रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त तक अधिक से अधिक किसानों का पंजीकरण सुनिश्चित करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए।

## करनाल में घरौंडा के आसपास बड़ा इलाका शहरी क्षेत्र घोषित

- शहर के आसपास तीन पॉकेट शहरी क्षेत्र घोषित, गजट अधिसूचना जारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने करनाल जिले के घरौंडा नगर के आसपास स्थित बड़े क्षेत्र को हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 के तहत शहरी क्षेत्र घोषित कर दिया है। नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार यह निर्णय क्षेत्र में भविष्य में होने वाले शहरी विकास को नियोजित और कानूनी ढांचे के अनुरूप सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। सरकार की अधिसूचना के अनुसार नया शहरी क्षेत्र तीन अलग-अलग पॉकेट में अधिसूचित किया गया है, जो नगर समिति घरौंडा की सीमा से सटे हुए हैं और करनाल-पानीपत जिला सीमा तक फैले हैं। अधिसूचित क्षेत्र में बांसा, जुंडला, पिचोलिया, मुनक, खेड़ी मुनक, आंचला, अमृतपुर खुर्द, अमृतपुर कलां, केहरवाली, फैजलीपुर माजरा, चौरा, बसी अकबरपुर, भूदानपुर, खोजगीपुर, बहलोलपुर, बरसात, फरीदपुर और बेगमपुर सहित कई गांवों की राजस्व सीमाओं से लगे क्षेत्र शामिल किए गए हैं। अधिसूचना लागू होने के बाद इन क्षेत्रों में भविष्य में होने वाले आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत और अन्य शहरी विकास कार्य हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम तथा नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के नियोजन मानकों के अनुसार ही किए जा सकेंगे। हालांकि सरकार ने स्पष्ट किया है कि इस अधिसूचना का भूमि अधिग्रहण, स्वामित्व परिवर्तन या किसी विकास परियोजना की मंजूरी से कोई संबंध नहीं है। इसका उद्देश्य केवल क्षेत्र को शहरी क्षेत्र घोषित कर भविष्य के विकास को सुनियोजित और विनियमित बनाना है।

### लोक अदालतों में 9590 मामलों का निपटारा

**चंडीगढ़।** लोगों को सुलभ, किफायती और त्वरित न्याय दिलाने के लिए हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक सिबल ने एक अनूठी पहल की है। जिसके तहत 18 जुलाई को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट' के तहत सभी जिलों में एक साथ विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया गया, जिसमें 9,590 मामलों का सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया गया। प्राधिकरण द्वारा यह विशेष पहल से विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने के प्रति हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की प्रतिबद्धता की पुष्टि हुई। इन समझौतों से लंबे समय से लंबित मामलों का त्वरित समाधान संभव हुआ।

## भाजपा का शक्ति केंद्रों को सशक्त बनाने पर जोर, कल टिफिन बैठकें

### मुख्यमंत्री पिंजौर और प्रदेश अध्यक्ष राई में पहुंचेंगी

**पंचकूला।** भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में 377 मंडलों के बाद अब 4729 शक्ति केंद्रों को मजबूत बनाने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने 21 जुलाई को प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों पर टिफिन बैठक रखने के निर्देश दिए हैं। इन सभी बैठकों में विषय लेने के लिए जाने वाले वक्ताओं के नाम भी तय कर दिए गए हैं।

खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी पिंजौर में शक्ति केंद्र की बैठक लेंगे, जबकि प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता सोनीपत के राई शक्ति केंद्र और संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा गन्नौर शक्ति केंद्र पर मौजूद रहेंगे।



रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा ने पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में पंचकूला जिले के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और यहीं से प्रदेश के बाकी सभी 25 जिलों के कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअली जूम के माध्यम से मीटिंग की। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी जिलों के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि शक्ति केंद्रों का और अधिक मजबूत होना समय की मांग है।

### 12800 से अधिक शैक्षणिक संस्थान तंबाकू-मुक्त घोषित

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली दो तिमाहियों के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के तहत उल्लेखनीय उपलब्धियां दर्ज की हैं, जिसने प्रभावी प्रवर्तन, जागरूकता सृजन, नशा मुक्ति सेवाओं और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से एक तंबाकू-मुक्त समाज बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ किया है।



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने उपलब्धियों को साझा करते हुए कहा कि तंबाकू-मुक्त शैक्षणिक संस्थान (टीओएफईआई) दिशा-निर्देशों के तहत 12,865 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू-मुक्त घोषित किए जाने के साथ हरियाणा तंबाकू नियंत्रण में अग्रणी राज्यों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य ने राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत तंबाकू नियंत्रण प्रतिज्ञाओं (शपथ) की संख्या के मामले में देश में दूसरा स्थान हासिल किया है।

## युवाओं का भविष्य पेपर लीक माफिया के हवाले : राव नरेंद्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने रविवार को पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं को लेकर केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि देश के युवाओं का भविष्य पेपर लीक माफिया के हवाले कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि करोड़ों छात्रों की मेहनत भ्रष्ट व्यवस्था और सरकारी लापरवाही की भेंट चढ़ रही है, जबकि सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पंचकूला में मीडिया से बातचीत के दौरान राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया 'छात्रों की गूंज' अभियान उन लाखों छात्रों की आवाज है, जिनका भविष्य पेपर लीक और भर्ती घोटालों से प्रभावित हुआ है। उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2014 से अब तक देशभर में 152 से अधिक बड़े पेपर लीक हो चुके हैं, जिनसे 7.5 करोड़ से ज्यादा छात्र और उनके परिवार प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में पेपर लीक माफिया, दलालों और प्रभावशाली लोगों का एक समानांतर नेटवर्क सक्रिय है, जो परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता को खत्म कर रहा है। हरियाणा में भी न्यायिक सेवा, एचएसएससी, पुलिस भर्ती और बोर्ड परीक्षाओं सहित कई भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि इससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। राव नरेंद्र सिंह ने केंद्र सरकार से पेपर लीक रोकने के लिए सख्त केंद्रीय कानून बनाने, परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा भर्ती घोटालों में शामिल लोगों और उनके संरक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।



## सरकारी गेहूं की अवैध खरीद-बिक्री का भंडाफोड़, 186 कट्टे जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की कार्रवाई, दो के खिलाफ केस दर्ज

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने दिल्ली रोड स्थित कपूर आटा चक्की पर छापेमारी कर सरकारी गेहूं की कथित अवैध खरीद-बिक्री का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान 50-50 किलो के सरकारी मार्का वाले 186 कट्टे गेहूं बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2.27 लाख रुपये बताई गई है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निरीक्षक प्रवेश कुमार को सूचना मिली थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से सरकारी गेहूं आटा चक्की पर अवैध रूप से उतारा जा रहा है। सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जांच में ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास सरकारी मार्का वाले गेहूं के 186 कट्टे मिले। पूछताछ में आटा चक्की संचालक राजेश ने बताया कि उसने यह गेहूं भटगांव निवासी आढ़ती संदीप से खरीदा है, लेकिन संदीप कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



### पुलिस ने मामले की जांच की शुरू

प्रथम दृष्टया सरकारी गेहूं की अवैध खरीद, बिक्री और भंडारण का मामला सामने आने पर थाना खरखौदा पुलिस ने राजेश और संदीप के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने बरामद गेहूं को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ता प्रभारी जीत सिंह बेनीवाल के नेतृत्व में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तथा पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

## सरकारी स्कूल का हेडमास्टर बनकर भट्टा मालिक से 1.45 लाख की ठगी, चार काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सेंट्रल पुलिस ने सरकारी स्कूल का हेडमास्टर बनकर ईंट खरीदने के बहाने भट्ठा मालिक से 1.45 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक अपचारी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान डीग (राजस्थान) निवासी वाजिद तथा नूंह के फिरोजपुर झिरका निवासी रामअवतार और अफरान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 2 मई को खेड़ी कलां निवासी भट्ठा मालिक के पास एक व्यक्ति ने तिगांव के सरकारी स्कूल का हेडमास्टर बनकर 9,000 ईंटों का ऑर्डर दिया। इसके बाद फर्जी ट्रांजैक्शन का मैसेज भेजकर बेटे की तबीयत खराब होने का बहाना बनाया और अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए 1,45,400 रुपये अपने खाते में डलवा लिए। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने गूगल मैप से भट्ठा मालिक का संपर्क नंबर हासिल किया था। पुलिस ने ठगी की रकम बरामद कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## वकीलों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर बीसीआई सख्त, कोर्ट में रील बनाने पर रोक

गारंटीड बेल, कुछ दिनों में तलाक, 100 प्रतिशत सफलता जैसे दावे या अन्य भ्रामक प्रचार भी प्रतिबंधित रहेगा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़



### लॉ विद्यार्थियों और इंटर्न को शपथ पत्र देना होगा

बीसीआई ने लॉ विद्यार्थियों और इंटर्न के लिए भी नए निर्देश जारी किए हैं। अब उन्हें प्रवेश और इंटर्नशिप से पहले शपथ-पत्र देना होगा कि वे न्यायालय या चैंबर से जुड़ी गोपनीय जानकारी सार्वजनिक नहीं करेंगे, अदालत की रिकॉर्डिंग नहीं करेंगे और पेशेवर आचार संहिता का पालन करेंगे। बार काउंसिल ने सभी राज्य बार काउंसिलों को डिजिटल एथिक्स कमेटी गठित करने के निर्देश दिए हैं। यह समिति सोशल मीडिया संबंधी शिकायतों की जांच कर कार्रवाई की सिफारिश करेगी। जरूरत पड़ने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई, न्यायालय की अवमानना की कार्यवाही और अन्य वैधानिक कदम भी उठाए जा सकेंगे।


बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) ने अधिवक्ताओं, लॉ विद्यार्थियों, इंटर्न और विधि शिक्षकों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर विस्तृत आचार संहिता जारी की है। नई एडवाइजरी के तहत अदालत परिसर, कोर्ट रूम, बार रूम और न्यायिक भवनों में रील, वीडियो या किसी भी प्रकार की प्रचारात्मक सामग्री बनाने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अधिवक्ता अधिनियम, 1961 के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

बीसीआई ने कहा है कि सोशल मीडिया का उपयोग केवल कानूनी जागरूकता, विधिक शिक्षा, अकादमिक चर्चा और तथ्यात्मक कानूनी जानकारी साझा करने तक सीमित होना चाहिए। न्यायालय की कार्यवाही को सनसनीखेज बनाने, न्यायाधीशों या पक्षकारों का उपहास उड़ाने, व्यक्तिगत प्रचार करने या मुवक्किल जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल पेशेवर आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। एडवाइजरी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डीपफेक के दुरुपयोग पर भी सख्त चेतावनी दी गई है। डीपफेक वीडियो, वॉयस क्लोनिंग, फर्जी न्यायिक आदेश, नकली कानूनी सलाह, मनगढ़ंत उद्धरण और न्यायाधीशों या अधिवक्ताओं का एआई के माध्यम से प्रतिरूपण प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा गारंटीड बेल, कुछ दिनों में तलाक, 100 प्रतिशत सफलता जैसे दावे या अन्य भ्रामक प्रचार भी प्रतिबंधित रहेंगे।

## बिजली खपत ने बनाया नया रिकॉर्ड, 18 जुलाई को 3135.42 लाख यूनिट की मांग

रिकॉर्ड बिजली मांग के बावजूद प्रदेश में निर्बाध आपूर्ति : अनिल विज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़



फील्ड अधिकारियों को सब-स्टेशनों और फीडरों की लगातार निगरानी तथा तकनीकी खराबी का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए

हरियाणा में भीषण गर्मी के बीच 18 जुलाई को बिजली खपत ने नया रिकॉर्ड बनाया। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने बताया कि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) के क्षेत्रों में कुल 3135.42 लाख यूनिट बिजली की खपत दर्ज की गई, जो प्रदेश में अब तक की सर्वाधिक दैनिक खपत है। इसके बावजूद राज्य में उपभोक्ताओं को बिना किसी बड़े व्यवधान के निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ऊर्जा मंत्री के अनुसार, यूएचबीवीएन क्षेत्र में 1371.72 लाख यूनिट और डीएचबीवीएन क्षेत्र में 1763.70 लाख यूनिट बिजली की रिकॉर्ड खपत हुई। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में दोनों निगमों के क्षेत्रों में बिजली की मांग में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। बिजली की आपूर्ति कृषि, ग्रामीण, शहरी और औद्योगिक सभी वर्गों के उपभोक्ताओं को संतुलित रूप से उपलब्ध कराई गई। अनिल विज ने कहा कि बढ़ती बिजली मांग के बावजूद सरकार ने पर्याप्त बिजली खरीद, ट्रांसमिशन नेटवर्क के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक लोड प्रबंधन प्रणाली और 24 घंटे निगरानी के जरिए आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। फील्ड अधिकारियों को सब-स्टेशनों और फीडरों की लगातार निगरानी तथा तकनीकी खराबी का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को देखते हुए प्रदेश में नए सब-स्टेशन, अतिरिक्त ट्रांसफार्मर, उच्च क्षमता की विद्युत लाइनों और स्मार्ट तकनीकों का विस्तार किया जा रहा है। साथ ही सौर और हरित ऊर्जा को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। ऊर्जा मंत्री ने प्रदेशवासियों से बिजली का विवेकपूर्ण उपयोग करने और ऊर्जा दक्ष उपकरण अपनाने की अपील भी की।

# किसान की हत्या कर शव गठरी में बांध 2.5 किमी दूर जंगल में फेंका

## पानीपत में आरोपी साइकिल पर रखकर ले गया लाश

- खेतों में काम करने वाले आरोपी ने कहासुनी होने पर किसान के सिर में धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत में 60 वर्षीय किसान की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी ने शव को प्लास्टिक के कट्टे में बांधकर साइकिल पर ढाई किलोमीटर ढोया। इसके बाद जंगल में झाड़ियों में फेंक दिया। किसान 16 जुलाई से लापता था। तीन दिन तक परिजन उसे हर जगह ढूंढते रहे, लेकिन शनिवार दोपहर को उनके हाथ लगी एक सीसीटीवी फुटेज ने हत्या की गुत्थी को सुलझा दिया। फुटेज के आधार पर परिजनों ने आरोपी को दबोचा, जिसके बाद पुलिस ने शव बरामद किया। पुलिस जांच में पता चला कि गांव में पड़ोस में ही रहने वाले और साथ में खेतों में काम करने वाले आरोपी ने कहासुनी होने पर ट्यूबवेल पर किसान के सिर में धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।



किसान रणबीर



### यहां है पूरा मामला

**खेत में बनी झोपड़ी में रहता था रणबीर** गांव नूरपुर गढ़ी निवासी जयपाल ने थाना सेक्टर-29 पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनका बड़ा भाई रणबीर (60 वर्ष) खेत में बनी झोपड़ी में रहता था।

**16 जुलाई की रात 11 बजे हुआ लापता** 16 जुलाई 2026 की रात करीब 11:00 बजे वह अचानक खेत से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। संबंधियों, आसपास के गांवों और खेतों में ढूंढ रहे थे, लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चल रहा था।

**हाथ लगी सीसीटीवी, फिर हुआ शक** रणबीर की तलाश में जुटे परिजनों के हाथ 19 जुलाई को एक सीसीटीवी फुटेज लगी। फुटेज में 16 जुलाई की रात करीब 11:20 बजे गांव का ही रहने वाला सत्यवान (55) अपनी साइकिल के पीछे एक भारी-भरकम गठरी बांधकर पैदल-पैदल खेत के रास्ते से जाता हुआ दिखाई दिया। यह फुटेज देखते ही परिजनों का शक यकीन में बदल गया।

### परिजनों ने आरोपी सत्यवान को पकड़ा

सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद परिवार के लोगों ने आरोपी सत्यवान को पकड़ लिया। जब ग्रामीणों और परिजनों ने उससे रणबीर के बारे में कड़ाई और सख्ती से पूछताछ की, तो वह घबरा गया और रणबीर की हत्या करने की बात कबूल कर ली।

### ट्यूबवेल पर झगड़े के बाद की थी हत्या

आरोपी सत्यवान ने बताया कि 16 जुलाई की रात को खेत में काम करने के दौरान उसका रणबीर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। दोनों के बीच बात इतनी बढ़ी कि हाथापाई शुरू हो गई। इसी दौरान तैश में आकर सत्यवान ने पास पड़े धारदार हथियार से रणबीर के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### शव ठिकाने लगाया

हत्या के बाद आरोपी ने शव को प्लास्टिक के कट्टे में भरकर साइकिल से करीब ढाई किमी दूर पसीना गांव के पास बिजलीघर के पीछे झाड़ियों में फेंक दिया।

# दुष्कर्म का केस दर्ज होने के बाद बुजुर्ग ने दी जान, डीएनए टेस्ट से खुलेगा राज

## 20 वर्ष की युवती के गर्भवती होने के बाद मामला उलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली/रेवाड़ी

थाना कोसली क्षेत्र के एक गांव की 20 साल की युवती जांच कराने पर गर्भवती निकली, तो उसने पड़ोस में रहने वाले 68 साल के बुजुर्ग पर दुष्कर्म करने का आरोप लगा दिया। उसकी शिकायत पर कोसली थाना पुलिस ने दुष्कर्म का केस दर्ज किया, तो सुसाइड नोट लिखकर बुजुर्ग ने भी जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। इस पेचिदा मामले में पुलिस ने युवती का डीएनए टेस्ट कराने का निर्णय लिया है। पुलिस शिकायत में युवती ने बताया कि उनके परिवार का पड़ोस में रहने वाले 68 साल के पड़ोसी के घर आना-जाना रहता था। लगभग 6 माह पहले पड़ोसी ने उसे लस्सी लेने के बहाने के घर बुला लिया। उसने अपनी छत पर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने धमकी दी कि अगर किसी को इस बारे में बताया गया तो उसे और उसके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। युवती ने शिकायत में बताया कि वह डर के मारे चुप्पी साधे रही। इस दौरान गर्भ के चलते उसका पेट बाहर निकलने लगा तो उसने 16 जुलाई को अपनी मां को जानकारी दी। मां ने गर्भ जांच की किट लाकर चेक किया, जिसमें उसके गर्भवती होने की पुष्टि हो गई। माता-पिता आरोपी के घर गए तो झगड़ा किया। पुलिस ने युवती की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी।

### जांच के दौरान खाया जहरीला पदार्थ

केस दर्ज होने के बाद बुजुर्ग ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटे ने पुलिस को सुसाइड नोट सौंपते हुए आरोप लगाया कि युवती के परिजन 70 हजार रुपये की मांग कर रहे थे।

### की जा रही जांच

युवती के आरोपों की पुष्टि के लिए डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच जारी है। डीएनए रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

-पूनम देवी, जांच अधिकारी

### फतेहाबाद: स्कूल बस से टकराई पुलिसकर्मी की कार, दंपति घायल

**फतेहाबाद।** भूना रोड पर रविवार को गांव चंद्रावल के पास स्कूल बस और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार फतेहाबाद पुलिस के एएसआई और उसकी पत्नी घायल हो गए। सूचना पाकर डायल 112 टीम मौके पर पहुंचे। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। रतिया सिटी थाने में तैनात एएसआई हरपाल सिंह अपनी पत्नी व बेटी के साथ जाखल से फतेहाबाद की ओर आ रहा था। इसी दौरान गांव समैन स्थित मॉडल डीएन सरस्वती स्कूल की बस लेकर ड्राइवर आगे चल रहा था। स्कूल बस का रेडिएटर लीक होने पर ड्राइवर ने बस को रोक दिया। हालांकि, बस सडक़ के किनारे पर रोकी गई। मगर इतने में ही पीछे आ रही कार बस में टकरा गई। टक्कर लगने से कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार ड्राइव कर रहे हरपाल सिंह को काफी चोटें आई हैं जबकि उनकी पत्नी को भी माथे पर चोटें लगी हैं।

### फतेहाबाद में मां-बेटी चला रही थीं हेरोइन सप्लाई का नेटवर्क, गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशे के खिलाफ अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल ने मां-बेटी के हेरोइन सप्लाई नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने पुराने बस स्टैंड के पास कार्रवाई करते हुए पूजा रानी नामक युवती को 30.64 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि पूजा अपनी मां राजो बाई के साथ मिलकर नशे की तस्करी करती थी। पुलिस के अनुसार, हेरोइन की सप्लाई अग्रवाल कॉलोनी निवासी श्रवण कौर उर्फ बिल्ली करती थी। सिटी थाना पुलिस ने तीनों महिलाओं के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




### छत पर बने कमरे में सोए थे, नहीं मिला सुसाइड नोट

# रेवाड़ी में दंपति के शव फंदे से लटके मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शनिवार की रात ततारपुर खालसा में दंपति की संदिग्ध हालत में फांसी लगाने से मौत हो गई। दोनों के शव छत पर बने कमरे में फंदे से लटके हुए मिले। थाना धारूहेड़ा पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस ममाले की जांच में जुटी है। शनिवार की शाम गांव निवासी 48 वर्षीय अशोक व उसकी पत्नी 45 वर्षीय नीलम अपने कमरे में मौजूद थे। उनका बेटा अजय एक पेट्रोल पंप पर नौकरी करता है। जब वह ड्यूटी के बाद देर शाम घर आया, तो छत पर बने कमरे की लाइट नहीं जल रही थी। जब उसने कमरे में जाकर देखा तो मां-बाप के शव फांसी के फंदे पर लटक रहे थे। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिए। सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। मृतकों के पास से कोई सुसाइड नोट भी पुलिस को नहीं मिला। रविवार सुबह पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। बाद में गमगीन माहौल में दंपति का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



रेवाड़ी। पोस्टमार्टम के बाद मृतकों के शव ले जाते परिजन।

### कोई बोलने को तैयार नहीं

दंपति के परिवार में उसके दो बेटे व एक बेटी हैं। एक बेटे व बेटी की शादी की जा चुकी है। एसएचओ धारूहेड़ा कबूल सिंह ने बताया कि दोनों की मौत को लेकर कोई कारण साफ नजर नहीं आया है। परिजनों ने किसी तरह की कोई शिकायत भी दर्ज नहीं कराई है। इस मामले में कोई भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लिव-इन पार्टनर के घर फंदे पर मिला युवक का शव

- पत्नी और दो बच्चों को छोड़कर महिला के साथ रह रहा था युवक

**पानीपत।** हुडा सेक्टर-11 में रहने वाली नेहा के घर उसके लिव-इन पार्टनर सचिन का शव फंदे से लटका मिला। सचिन विवाहित था और दत्ता कॉलोनी में पत्नी व दो बच्चों के साथ रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। सचिन के जीजा जगत सिंह ने उसकी मौत के लिए नेहा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 18 जुलाई की रात नेहा के फोन आने पर सचिन उससे मिलने गया था। देर रात पुलिस ने उसकी मौत की सूचना दी। आरोप लगाया कि करीब डेढ़ साल पहले दोनों की दोस्ती हुई थी, जिसके बाद सचिन पत्नी और बच्चों को छोड़कर नेहा के साथ रहने लगा था। पुलिस ने नेहा के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। थाना चांदनी बाग पुलिस का कहना है कि नेहा से पूछताछ की जाएगी।

### फरीदाबाद में चौथी मंजिल से गिरकर लेडी टीचर की मौत

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में चौथी मंजिल से गिरकर 37 वर्षीय लेडी टीचर की मौत हो गई। उनकी तैनाती बिहार में थी। चार दिन पहले वे अपनी ससुराल फरीदाबाद आई थी, जहां यह घटना हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उधर, रविवार को बिहार से फरीदाबाद पहुंचे मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए। बताया कि दो दिन तक ससुराल वालों ने घटना छुपाए रखी।

### पलवल में दो कारों की टक्कर, दो युवकों की मौत, तीन घायल

**पलवल।** पलवल जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर एक सड़क हादसे में 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब कार सवार वृंदावन और कोलीवन शनिदेव के दर्शन कर गौतमबुद्धनगर (यूपी) स्थित अपने घर लौट रहे थे। गौतमबुद्धनगर के दादरी निवासी 19 वर्षीय हिमांशु शनिवार रात करीब 8 बजे अपने दोस्तों के साथ वृंदावन और कोकलीवन शनिदेव के दर्शन के लिए निकला था। उसके साथ सौराजपुर निवासी निशांत, जुनपथ निवासी शिवम और निशांत और सादोपुर निवासी लकी भी कार में सवार थे।

### पति-देवर को नशीली चाय पिलाकर सुलाया

# गहने-नकदी लेकर दबे पांव घर से निकली नई नवेली बहू

**पानीपत।** पानीपत में शादी के तीन माह बाद ही विवाहिता ने पति व देवर को नशीला पदार्थ मिली चाय पिला कर बेहोश किया और घर में रखी नकदी, जेवर, कागजात, पति का मोबाइल फोन आदि लेकर फरार हो गई। वहीं, पति कृष्ण निवासी बंसी कालोनी ने थाना मॉडल टाउन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका तीन माह पहले 22 वर्षीय निवृति गांव चलोचगी जिला मंडी, हिमाचल के साथ विवाह हुआ था। वहीं, पड़ोस में रहने वाले ब्राहमण ने विवाह करवाया था। कृष्ण ने खुलासा किया विवाह के एक माह बाद ही गर्भवती हो गई थी। उसने हिमाचल में उसे बिना बताए अपना अबॉर्शन कराया। पूछताछ करने पर निवृति ने बताया कि पहाड़ों पर ट्रैवल की वजह से मिस कैरेज हो गया। कृष्ण ने बताया कि सुसराल से निकलने के बाद निवृति अपने मायके भी नहीं पहुंची।

### नहाने गया था विनोद, पैर फिसलने से हादसा


# तालाब में डूबने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव कारोली में शनिवार देर शाम तालाब में नहाने गए 36 वर्षीय विनोद कुमार प्रजापत की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाकिया कार्रवाई दर्ज की है।मृतक के भाई विजय ने बताया कि विनोद शाम करीब साढ़े सात बजे तालाब में नहाने गया था। इस दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने करीब रात 10 बजे उसे तालाब से बाहर निकाला, लेकिन अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।विनोद टाइल लगाने का काम करता था और परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चे हैं। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।



टाइल मिस्त्री था मृतक परिवार में पत्नी और तीन छोटे बच्चे



## खबर संक्षेप

### अगले सप्ताह आएंगे चार सार्वजनिक निर्गम



**नई दिल्ली।** अगले सप्ताह प्राथमिक बाजार में गतिविधियां तेज रहने की उम्मीद है। इस दौरान चार सार्वजनिक निर्गम खुलने जा रहे हैं, जिनमें क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का इनविट और इंडो एमआईएम, लोहिया कॉर्प तथा एक्स्ट्रानेट टेक्नोलॉजीज के आईपीओ शामिल हैं। क्यूब हाइवेज ट्रस्ट का 5,000 करोड़ रुपये का इनविट सार्वजनिक निर्गम 22 जुलाई को खुलेगा और 24 जुलाई को बंद होगा।

### नियमों का पालन न करने पर मुथूट व अन्य पर जुर्माना

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने घोषणा की कि उसने नियामकीय नियमों का पालन न करने के लिए छह कंपनियों पर जुर्माना लगाया है। इनमें गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी मुथूट फाइनेंस भी शामिल है। आरबीआई की अधिसूचना के अनुसार, सेंट्रल बैंक ने मुथूट फाइनेंस पर 5.80 लाख रुपये, सत्य माइक्रोकैपिटल और पैन एमामी कॉस्मेड पर 3.10-3.10 लाख रुपये, धनी लोन्स एंड सर्विसेज और मुथूट व्हीकल एंड एसेट फाइनेंस पर 2.70-2.70 लाख रुपये और अवेल फाइनेंशियल सर्विसेज पर 6.20 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

### मेकमाईट्रिप का सेबी के पास आईपीओ दस्तावेज जमा




**नई दिल्ली।** अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध यात्रा बुकिंग मंच ''मेकमाईट्रिप'' ने कहा कि उसने अपनी भारतीय अनुषंगी कंपनी के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा किए। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ने सेबी के पास अपना गोपनीय मार्ग से दस्तावेज जमा किए।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल


**मेष** परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। वाणी में मधुरता रहेगी।


**वृष** कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। व्यर्थ की भागदौड़ बढ़ सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।


**मिथुन** लाभ में में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**कर्क** सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान केंद्रित करें। मान-सम्मान बढ़ेगा। बातचीत में संतुलन बनाए रखें। वाणी में कठोरता का प्रभाव हो सकता है।


**सिंह** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**कन्या** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव हो सकते हैं।


**तुला** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें।


**वृश्चिक** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यभार में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। आय में वृद्धि होगी।


**धनु** जीवनसाथी से नोकझोंक हो सकती है। कुटुम्ब में मान-सम्मान की प्राप्ति के योग हैं। लंबी यात्रा पर जाना हो सकता है। सुखद परिणाम मिलेंगे।


**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। खर्चों की अधिकता रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**कुंभ** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।


**मीन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। शासन-सत्ता का सहयोग रहेगा। कला एवं संगीत में रुचि बढ़ेगी। खर्च अधिक रहेंगे।

## कच्चे तेल की ऊंची कीमतों का सराफा पर रहेगा असर

# अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी की कीमतों पर दबाव की आशंका : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों पर दबाव बना रह सकता है। विश्लेषकों ने यह अनुमान जताया है।

निवेशक अमेरिकी साप्ताहिक बेरोजगारी दावों और प्रारंभिक पीएमआई जैसे महत्वपूर्ण आंकड़ों के साथ ही यूरोप और चीन के मौद्रिक नीति फैसलों तथा प्रमुख आर्थिक संकेतकों पर भी नजर रखेंगे। इनसे वैश्विक ब्याज दरों की दिशा को लेकर संकेत मिल सकते हैं। विश्लेषकों ने कहा कि अमेरिका से जुड़े ठिकानों पर हमलों के बाद अमेरिकी सेना ने रविवार को ईरान के खिलाफ नए हवाई हमले किए, जिससे पहले से तनावपूर्ण पश्चिम एशिया की स्थिति और गंभीर हो गई है।

### बाजार का ध्यान खाड़ी युद्ध पर

जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड में जिंस एवं मुद्रा शोध के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा, /''माह के अंत में होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी है। हालांकि, बाजार का ध्यान अमेरिका और ईरान के बीच घटनाक्रम पर बना रहेगा।/''

### सोने में पिछले सप्ताह दो फीसदी गिरावट

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त की आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव पिछले सप्ताह 2,572 रुपये यानी करीब दो प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.40 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 6,261 रुपये यानी 2.8 प्रतिशत टूटकर 2.16 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

### चीन की मौद्रिक नीति फैसलों पर निवेशकों ही होगी नजर
### फेड की बैठक से पहले सोने में गिरावट का दौर जारी रहेगा



### कारोबारी मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहें

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (शोध विश्लेषक-जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और लंबे समय तक ब्याज दरें ऊंची बने रहने की संभावना के कारण सोने में गिरावट का दौर जारी रहा। उन्होंने कहा कि सोने में हर तेजी पर नई बिकवाली देखने को मिली, जिससे संकेत मिलता है कि कारोबारी नई खरीदारी करने के बजाय मुनाफावसूली को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### रुपए में मामूली सुधार से सोने को बल

त्रिवेदी ने कहा कि रुपये में मामूली सुधार से भी सोने को ज्यादा बल नहीं मिला, क्योंकि मजबूत डॉलर का दबदबा बना रहा। वैश्विक बाजार में पिछले सप्ताह कॉमेक्स सोना वायदा 95 डॉलर यानी 2.3 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,018.8 डॉलर प्रति औंस रह गया।

### अमेरिका-चीन के तनाव से सोने की मांग बढ़ेगी

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन केविन वार्श की सख्त मौद्रिक नीति संबंधी टिप्पणियों ने अमेरिका में नरम मुद्रास्फीति के आंकड़ों के प्रभाव को कम कर दिया है। इससे कड़ी मौद्रिक नीति जारी रहने की संभावना मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और चीन के बीच किसी नए तनाव से सोने की मांग फिर बढ़ सकती है।

### अमेरिकी बांड पर प्रतिफल बढ़ने से मांग प्रभावित

वहीं, न्यूयॉर्क में चांदी करीब चार डॉलर यानी 6.4 प्रतिशत टूटकर 56.32 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई। मेर ने कहा कि शुक्रवार को सोने और चांदी में सुधार जरूर आया, लेकिन पूरे सप्ताह दोनों की कीमतें गिरावट के साथ बंद हुईं। कच्चे तेल की कीमतों में आपूर्ति बाधित होने की आशंका से 14 प्रतिशत से अधिक की तेजी और अमेरिकी बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से सोने की मांग प्रभावित हुई।

## कर्मचारियों को मिलेगा बढ़ोतरी का लाभ

# एक्सेंचर ने वेतन वृद्धि के तरीके में किया संशोधन

**नई दिल्ली।** वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सेवा कंपनी एक्सेंचर ने मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों के बीच अधिक कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ देने के लिए अपने वेतन संशोधन के तरीके में बदलाव किया है।

कंपनी अब वेतन वृद्धि का 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन (बेस पे) में जोड़ेगी, जबकि शेष 50 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान के रूप में देगी। कंपनी के एक आंतरिक दस्तावेज के अनुसार, इस वर्ष जून के मुख्य वेतन संशोधन चक्र में यह नई व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत टैलेंट और ग्रुप लीड पात्र कर्मियों के लिए कुल वेतन वृद्धि का प्रतिशत तय करेंगे, जिसे बाद में इसे दो बराबर-बराबर हिस्सों में बांटा जाएगा।


कंपनी वेतन वृद्धि का 50 प्रतिशत हिस्सा मूल वेतन में जोड़ेगी

उदाहरण के तौर पर, यदि किसी कर्मचारी के लिए तीन प्रतिशत वेतन वृद्धि स्वीकृत होती है, तो 1.5 प्रतिशत उसके मूल वेतन में जोड़ा जाएगा और शेष 1.5 प्रतिशत एकमुश्त भुगतान के रूप में दिया जाएगा। कंपनी का कहना है कि इस व्यवस्था से कर्मचारियों को तत्काल नकद राशि का लाभ मिलेगा, जिसे कई कर्मचारी महत्व देते हैं। साथ ही, मूल वेतन पर दीर्घकालिक भार सीमित रहने से कंपनी अधिक कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ दे सकेगी।

### एकमुश्त भुगतान पर कटौतियां लागू होंगी

इसके अलावा, मूल वेतन में वृद्धि और एकमुश्त भुगतान-दोनों को कर्मचारी की वित्त वर्ष 2025-26 की पात्र आय का हिस्सा माना जाएगा और इन्हीं के आधार पर बोनस की गणना की जाएगी। स्वैच्छिक इक्विटी निवेश कार्यक्रम (वीईआईपी) या कर्मचारी शेयर खरीद योजना (ईएसपीपी) में शामिल कर्मचारियों के लिए एकमुश्त भुगतान पर भी सामान्य नियमानुसार कटौतियां लागू होंगी।

## री-नीट (यूजी) 2026 में रेज़ोनेंस का शानदार प्रदर्शन

**कोटा।** री - नीट (यूजी) 2026 के घोषित परिणामों में रेज़ोनेंस, कोटा के दो वर्षीय रेगुलर क्लासरूम प्रोग्राम के विद्यार्थी हिमांशु कुमार (बक्सर, बिहार) ने 690/720 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय रैंक 111 तथा ईडब्ल्यूएस; वर्ग रैंक 4 हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि हिमांशु ने जेईई मेन 2026 में भी मुख्यतः फिजिक्स एवं केमिस्ट्री के आधार पर 98.85 पर्सेन्टाइल प्राप्त की थी। (उन्होंने मैथमेटिक्स विषय न होने के बावजूद जेईई मेन में ये प्रदर्शन किया था।) हिमांशु ने अपनी सफलता का श्रेय रेज़ोनेंस की अनुभवी फैकल्टी, पूरे दो वर्षों तक एक जैसी शैक्षणिक टीम से मिले मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट प्रैक्टिस, स्टडी मेटेरियल तथा एनसीईआरटी आधारित तैयारी को दिया। उन्होंने बताया कि तैयारी के दौरान विषयों को रटने के बजाय कॉन्सेप्ट्स को समझने, नियमित रिविज़न करने तथा बार-बार टेस्ट देने की आदत ने उन्हें परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार किया। रेज़ोनेंस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री राम किशन वर्मा ने हिमांशु को बधाई देते हुए कहा कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा में सफलता केवल मेहनत का परिणाम नहीं होती, बल्कि परीक्षा के दिन की सटीक रणनीति भी उतनी ही महत्वपूर्ण होती है।

हिमांशु कुमार ने 690/720 अंकों के साथ एआईआर 111 एवं सामान्य- ईडब्ल्यूएस; वर्ग रैंक 4 हासिल किया





## पीएनबी का बहुभाषी एआई बैंकिंग के लिए डिजिटल इंडिया भाषिणी से करार

**नई दिल्ली।** भारत के बड़े पब्लिक सेक्टर बैंकों में से एक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने नई दिल्ली के द्वारका में अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में डिजिटल इंडिया भाषा डिवीजन (डीआईबीडी) के साथ एक (एमओयू) साइन किया। (एमओयू) को (पीएनबी) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री एम. परमशिवम; डिजिटल इंडिया भाषाई डिवीज़न ( (डीआईबीडी) के (सीईओ) श्री अमिताभ नाग; और (पीएनबी) के डिजिटल बैंकिंग ट्रांसफॉर्मेशन डिवीज़न (डीबीटीडी) के चीफ जनरल मैनेजर (डी) श्री आतिश कुमार राउत की मौजूदगी में फॉर्मल किया गया। इस पार्टनरशिप के ज़रिए, (भाषिणी) की एडवांस्ड मल्टीलिंगुअल (एआई) कैपेबिलिटीज़ को (पीएनबी) के डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म में इंटीग्रेट किया जाएगा। इससे कस्टमर्स को वॉइस और टेक्स्ट दोनों के ज़रिए कई भारतीय भाषाओं में बैंकिंग सर्विसेज़ आसानी से मिल पाएंगी। इस मौके पर बोलते हुए, (पीएनबी) के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री एम. परमशिवम ने कहा: (व क्यूट भाषिणी) और (पीएनबी) के बीच कोलेबोरेशन दिखाता है कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर कैसे सभी सेक्टर्स में इनक्लूसिव डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को तेज़ कर सकता है।

# च्यवनप्राश को मिला वैज्ञानिक प्रमाण



■ पतंजलि के वैज्ञानिकों ने महर्षि च्यवन से सम्बंधित लोकप्रचलित कथा को आधुनिक विज्ञान के साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत कर जीवंत कर दिया : आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त करते हुए यह पुष्टि की है कि पतंजलि स्पेशल च्यवनप्राश तनाव की परिस्थितियों में कोशिकाओं की रक्षा करता है, मांसपेशियों की कार्यक्षमता को सुचारु रखता है एवं शरीर को दीर्घायु प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल (प्रयोगात्मक ज्येरोन्टोलॉजी) में प्रकाशित यह अध्ययन न केवल पतंजलि की वैज्ञानिक क्षमता का परिचायक है, अपितु आयुर्वेद को वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय के समक्ष साक्ष्य-आधारित चिकित्सा प्रणाली के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि प्राचीनकाल में जब महर्षि च्यवन अत्यंत वृद्ध और जर्जर अवस्था में थे, तब उनके लिए एक विशिष्ट "रसायन" तैयार किया गया, जिसके सेवन से महर्षि च्यवन ने पुनः ऊर्जा, स्फूर्ति, स्वास्थ्य और यौवन प्राप्त किया एवं इस रसायन का नाम रखा गया, च्यवनप्राश। यह कथा केवल भारतीय सनातन परंपरा की एक प्रेरणादायक स्मृति भर नहीं है, अपितु सदियों से करोड़ों भारतीय, च्यवनप्राश को रोग प्रतिरोधक क्षमता, दीर्घायु और संपूर्ण स्वास्थ्य का आधार मानते आए हैं। आयुर्वेद के ग्रंथों में इसे "रसायन" अर्थात शरीर, मन और जीवनीशक्ति को पुनर्जीवित करने वाला बताया गया है।

## जेयूआईटी ने गरिमामय वातावरण में अपना 7वाँ दीक्षांत समारोह आयोजित किया



**वाकनाघाट, सोलन।** जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), वाकनाघाट ने 18 जुलाई 2026 को विश्वविद्यालय सभागार में अपना 7वाँ दीक्षांत समारोह गरिमापूर्ण एवं भव्य वातावरण में आयोजित किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों, स्नातक एवं शोध उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, संकाय सदस्यों, पूर्व छात्रों तथा आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल एवं जेयूआईटी के कुलाधिपति श्री कविंदर गुप्ता जी थे। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) आर. के. शर्मा, कुलपति, जेयूआईटी, ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) आर. के. शर्मा, कुलसचिव, विश्वविद्यालय की गवर्निंग काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## बिल में सेवा शुल्क जोड़ने पर 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ग्राहकों के बिल में सेवा शुल्क जोड़ने के मामले में देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू की है। प्राधिकरण ने कहा कि यह प्रथा उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन और अनुचित व्यापार व्यवहार की श्रेणी में आती है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने सोशल मीडिया मंच पर कहा, /''सेवा शुल्क पूरी तरह स्वैच्छिक है और इसका भुगतान करना या नहीं करना पूरी तरह उपभोक्ता के विवेक पर निर्भर करता है। सीसीपीए ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया है। जोशी ने कहा कि प्राधिकरण ने संबंधित रेस्तरां को बिल में स्वतः सेवा शुल्क जोड़ने की प्रथा तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं। जोशी ने बताया कि यह कार्रवाई राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई है। पारित किए गए अंतिम आदेशों के तहत, सीसीपीए ने नियमों के उल्लंघन के लिए 'चायोस' (सनशाइन टीहाउस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित) पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया है और प्रभावित ग्राहकों की राशि वापस करने का आदेश दिया है।

## बैद्यनाथ संस्थापक पं. रामनारायणजी शर्मा वैद्य की स्मृति में संस्कृत विद्वानों का सम्मान



**नागपुर।** कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय (केकेएसयू), रामटेक द्वारा संस्कृत क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले नौ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विद्वानों को वर्ष 2023, 2024 एवं 2025 के लिए 'महाकवि कालिदास संस्कृतव्रती राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह समारोह बैद्यनाथ समूह के संस्थापक वैद्य पंडित रामनारायणजी शर्मा की स्मृति में रामनारायण शर्मा आयुर्वेद रिसर्च फाउंडेशन, स्थानीय जिला प्रशासन तथा महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (एमटीडीसी), नागपुर के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं केकेएसयू के संस्थापक कुलपति डॉ. पंकज चांदे ने संस्कृत विश्वविद्यालयों से विदेशी विद्यार्थियों के लिए अंग्रेजी माध्यम में शिक्षण प्रारंभ करने का आह्वान किया, ताकि संस्कृत की वैश्विक पहुंच को और सुदृढ़ किया जा सके। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिलाधिकारी मनुकुमार श्रीवास्तव तथा बैद्यनाथ के डायरेक्टर सुरेशजी शर्मा के सहयोग एवं वित्तीय सहायता से कविकुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा महाकवि कालिदास संस्कृतव्रती राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अतुल वैद्य ने की।

**ई-नीलामी सह बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना**

प्रत्याभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात ''एक्ट'') के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) और **शाखा कार्यालय :- द्वितीय तल, नंदा फर्नीचर के ऊपर, गीता मंदिर रोड, पानीपत**-132103 के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी (''एओ'') आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु ''जैसा है जहां है आधार, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार'' पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम को धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| श्री लक्ष्मण श्रीमती पूनम देवी शीतल माता ट्रांसपोर्ट शीतला माता वुलन कं. (प्रोस्पेक्ट नं. IL11103928) | 10/02/2026 रू. 2288481.48 (रुपये बाईस लाख अठासी हजार चार सौ इक्यासी और अड़तालीस पैसे केवल) बोली बढ़ौतरी राशि रू. 25000/- (रुपये पच्चीस हजार केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से :- सैक्टर-6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पानीपत, तहसील व जिला पानीपत-132103 में स्थित मकान नं. 491सी, भू-तल। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Built_Up_Area, Super_Built_up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 234.00, 234.00 | 08/05/2026 कुल बकाया दिनांक 06.07.2026 के अनुसार रू. 2587640.08/- (रुपये पच्चीस लाख सतासी हजार छह सौ चालीस और पैसे आठ केवल) | रू. 2156000/- (रुपये इक्कीस लाख छप्पन हजार केवल) धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रू. 215600/- (रुपये दो लाख पन्द्रह हजार छह सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 03.08.2026 1100 बजे - 1400 बजे | 05.08.2026 अप. 5.00 बजे तक | 07.08.2026 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको **https://www.iiflonehome.com** पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**शेष भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**

**नियम एवं शर्तें :-**


1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता **https://www.iiflonehome.com** के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना ''निविदा प्रपत्र'' जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम ''बोली बढ़ौतरी राशि'' के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन-देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण-पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ना चाहिए।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हेल्पलाइन नम्बर** : @ 1800 2672 499
8. सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा **care@iiflonehome.com** पर ई-मेल लिखें।
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे हुए घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद के मामले में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9 उप नियम (1) के तहत 15 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तिथि से पूर्व अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी।

स्थान : पानीपत दिनांक : 20.07.2026 हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

## शब्द पहेली - 6292




**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना, धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य, गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र, बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान, जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह, जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

**शब्द पहेली- 6291 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | त | था | क | थि | त | ■ | क | या | म | त |
| ना | प | ■ | ह | ■ | र | का | बी | ■ | त | र |
| मु | ■ | त | वा | य | फ | ■ | ला | वा | ■ | खा |
| ना | पा | क | ■ | ■ | दा | नी | ■ | दा | म | न |
| सि | ■ | दी | ■ | प | र | ■ | सा | ■ | हि | ■ |
| ब | ह | र | हा | ल | ■ | नि | रा | ला | प | न |
| ■ | र | ■ | नि | ■ | आ | शा | ■ | ज | ■ | ज |
| अ | म | र | ■ | अ | तं | ■ | ■ | वा | न | र |
| मा | ■ | मा | न | ■ | क | र | त | ब | ■ | बं |
| न | या | ■ | ज | ल | वा | ■ | ना | ■ | क | द |
| त | क | दी | र | ■ | द | शा | व | ता | र | ■ |



# अभिषेक बनर्जी के कार्यालय को तोड़ने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

- बुलडोजर से प्रशासन ने इमारत का अगला हिस्सा गिरा दिया था
- तृणमूल सांसद बोले- पुलिस की वर्दी में चोरी हुई, मेरा ऑफिस तोड़ा
- प्रशासन ने कहा दो नोटिस का जवाब नहीं मिला, फिर कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। रविवार को कलकत्ता हाईकोर्ट ने दक्षिण 24 परगना के अमतला में सांसद अभिषेक बनर्जी के ऑफिस को गिराने की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा है कि अगले आदेश तक कोई एक्शन लिया जाए।

शनिवार को अभिषेक बनर्जी के ऑफिस पर बुलडोजर की कार्रवाई शुरू की गई थी। पश्चिम बंगाल की मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने बुलडोजर एक्शन को सही ठहराते हुए कहा था कि उनके पास कागज है कि अभिषेक बनर्जी का ऑफिस अवैध है। हालांकि फिलहाल अभिषेक बनर्जी को हाईकोर्ट से राहत मिल गई है। जिला प्रशासन के अनुसार, इस ऑफिस के खिलाफ अवैध निर्माण की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद 15 जुलाई को संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर सुनवाई के लिए बुलाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि दो नोटिसों का कोई जवाब नहीं मिलने के बाद प्रशासन ने आगे की कार्रवाई का फैसला लिया। मामला कानूनी प्रक्रिया के तहत चल रहा है।




### कोर्ट ने दस्तावेज तलब किए

अदालत ने सरकार को निर्देश दिया है कि वे इस विवादित इमारत से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज कोर्ट के समक्ष पेश करें। इस मामले की अगली सुनवाई नियमित पीठ के समक्ष जुलाई के अंत में की जाएगी। अभिषेक ने इस कार्रवाई को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया गया था। अभिषेक ने आरोप लगाया कि पुलिस बीजेपी के गुंडों के साथ मिलकर लैपटॉप, प्रिंटर, कागजात, टेबल, कुर्सियां और दूसरे फर्नीचर से भरे बक्से ले जा रही है।

### हाईकोर्ट में दी थी चुनौती

टीएमसी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने दावा किया कि यह इमारत सभी जरूरी मंजूरी लेने के बाद पार्टी द्वारा खरीदी गई जमीन पर कानूनी रूप से बनाई गई थी। दक्षिण 24 परगना जिला प्रशासन ने अमतला में टीएमसी सांसद के पार्टी ऑफिस को गिरा दिया था। उनका दावा था कि यह ढांचा बिना मंजूर बिल्डिंग प्लान के और लागू नियमों का उल्लंघन करके बनाया गया था। जब बुलडोजर एक्शन शुरू हुआ था तब अभिषेक ने कहा था कि इसे हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

# पढ़ाई के साथ मानसिक सेहत का ख्याल भी जरूरी

**स्कूलों को सफलता को अच्छे अंकों और पढ़ाई के प्रदर्शन से नहीं मांपे**

**नई दिल्ली।** परीक्षा के तनाव, ज्यादा समय तक स्क्रीन का इस्तेमाल, सोशल मीडिया के दबाव, 'बुलिंग' और अकेलापन आज स्कूली छात्रों के लिए बड़ी समस्याएं बनते जा रहे हैं, जिसे देखते हुए शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा है कि बच्चों की भावनात्मक सेहत को शिक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का कहना है कि स्कूलों को सफलता को केवल अच्छे अंकों और पढ़ाई के प्रदर्शन से नहीं मापना चाहिए, इसके बजाय ऐसे माहौल बनाना चाहिए, जहां छात्र खुद को सुरक्षित महसूस करें, सहयोग पा सकें और भावनात्मक रूप से मजबूत बन सकें। दिल्ली एम्स के मनोचिकित्सा विभाग के प्रोफेसर डॉ. नंद कुमार ने कहा कि आज स्कूलों में बच्चे पहले की तुलना में बहुत कम उम्र में ही ज्यादा चिंता, हर काम में माहिर होने की चाह, असफल होने के डर और मानसिक थकान जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। पढ़ाई में बच्चों की सफलता जरूरी है, लेकिन इसके लिए उनकी मानसिक सेहत को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

### 10 से 19 की उम्र के सात में से एक किशोर मानसिक समस्या से जूझ रहा : विश्व स्वास्थ्य संगठन



विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, 10 से 19 वर्ष की उम्र के हर सात में से एक किशोर किसी न किसी मानसिक समस्या से जूझ रहा है, जिसमें अवसाद, चिंता और व्यवहार संबंधी समस्याएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने बच्चों में बढ़ते तनाव और स्कूलों में बेहतर काउंसलिंग सहायता व मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता की जरूरत पर ध्यान दिलाया है।

### सभी स्कूलों में प्रशिक्षित काउंसलर की जरूरत

डॉ. कुमार ने कहा कि हर स्कूल में बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने के लिए शुरुआती स्तर पर व्यवस्था होनी चाहिए व भावनात्मक परेशानी की पहचान करने, प्रशिक्षित काउंसलर उपलब्ध कराने और शिक्षकों को बच्चों के व्यवहार में बदलाव पहचानने के लिए तैयार करने की जरूरत है। सेठ आनंद राम जयपुरिया ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन और शिक्षा विशेषज्ञ शिशिर जयपुरिया ने कहा कि बच्चों को परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए नहीं, बल्कि असफलताओं, अनिश्चितताओं और आपसी संबंधों से निपटने के लिए भी तैयार करना चाहिए।

## चंडीगढ़ में रिटायर्ड आईपीएस की कोठी में युवती की मिली लाश



**पंजाब पुलिस और पीड़ित परिजन भिड़े**

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी की कोठी में युवती का शव मिलने के मामले में रविवार को सेक्टर-16 अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने हंगामा किया। उनका आरोप है कि युवती की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया, जबकि पुलिस इसे आत्महत्या के एंगल से भी जांच रही है। परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें मौत की सूचना देर से दी गई। कोठी पहुंचने पर न तो बेटी का शव देखने दिया गया और न ही वह कमरा, जहां शव मिला था। उनका यह भी कहना है कि घटना के बाद अब तक कोठी मालिकों की ओर से कोई उनसे मिलने नहीं आया। मृतका के भाई राहुल ने बताया कि उनकी बहन उत्तर प्रदेश के हरदोई की रहने वाली थी और एक सप्ताह पहले ही 12 हजार रुपए महीने की नौकरी पर इस कोठी में लगी थी। परिवार ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## पटियाला में स्कूल जा रही छात्रा को पीछे से युवक ने सुआ घोंपा



**घटना का वीडियो वायरल**

**पटियाला।** पटियाला में दिनदहाड़े एक स्कूली छात्रा पर तेजधार सुए से हमला कर दिया गया। हमलावर पीछे से दबे पांव दौड़कर आया और गली में जा रही लड़की की टांगों के बीच सुआ मारकर तुरंत भाग गया। इसके बाद लड़की दर्द में कराहती हुई गली में ही बैठ गई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें हमलावर युवक को साफ देखा जा सकता है। पुलिस का कहना है कि हमलावर को हिरासत में लिया गया है। उसके परिजन का कहना है कि युवक मानसिक रूप से बीमार है। इधर, लड़की को घायल अवस्था में एक निजी अस्पताल ले जाया गया था। वहां डॉक्टर ने उसकी मरहम पट्टी कर उसे छुट्टी दे दी। लड़की के टांगों के बीच हल्की चोट आई थी। पुलिस के मुताबिक, लड़की ने पैंट पहना था, जिससे सुए से वार का बचाव हो गया।

**मध्यप्रदेश में केन-बेतवा लिंक विवाद**

## प्रदर्शन स्थल से आंदोलनकारी हटाए

- आंदोलन के नेतृत्वकर्ता ने कहा- अनशन नहीं तोड़ेंगे
- प्रशासन ने बरसाती मौसम और बढ़ते जलस्तर के खतरे का हवाला दिया



**छतरपुर(मप्र)।** केन-बेतवा लिंक परियोजना और अन्य विकास परियोजनाओं के कारण विस्थापित हुए आदिवासी किसानों का 14 दिनों से चल रहा जल सत्याग्रह और भूख हड़ताल रविवार तड़के पुलिस ने समाप्त कर दिया। किसानों के धरना स्थल से हटाए जाने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। आंदोलनकारी किसानों ने पुलिस द्वारा लोगों को गिरफ्तार किए जाने का दावा किया हैं, लेकिन मौके पर मौजूद एडिशनल एसपी आदित्य पटले ने आंदोलनकारियों की गिरफ्तारी और हिरासत की बात से साफ इनकार किया है। दरअसल, मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थिति ग्राम कुपी में अंडर ब्रिज के नीचे वरान नदी के किनारे किसान पिछले कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे थे। वह अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा और पुनर्वास की मांग कर रहे थे, लेकिन रविवार सुबह-सुबह मौके पर भारी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल से हटा दिया।

## मप्र में यूसीसी विधेयक के मसौदे को मंजूरी

- मप्र में लागू होगा सभी धर्मों के लिए एक समान पर्सनल कानून

**भोपाल(भाषा)।** मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने रविवार को तीन तलाक या निकाह हलाला से जुड़े मामलों को अपराध की श्रेणी में रखने, एक से अधिक शादी पर रोक लगाने, शादी और तलाक दोनों का पंजीयन अनिवार्य करने तथा विवाहित या अविवाहित माता-पिता के जैविक या गोद लिए जाने सहित सभी प्रकार के बच्चों को उत्तराधिकार में समान कानूनी दर्जा देने वाले 'मध्यप्रदेश समान नागरिक संहिता 2026' विधेयक को मंजूरी दे दी। राजधानी भोपाल के बाहरी इलाके में स्थित जगदीशपुर (पूर्व में इस्लामपुर) में आयोजित मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में इस विधेयक को मंजूरी मिलने के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में अब 'राम और रहीम', सबके लिए एक जैसा कानून होगा।

**15 की क्षमता थी, नाव वाले ने जबरदस्ती बैठा लिया**

## बिहार : 40 लोगों से भरी नाव नदी में पलटी



**सभी लोग कब्रिस्तान से लौट रहे थे**

**तेज धार में नाव डगमगाई, फिर पलट गई**


**सीतामढ़ी।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश के बाद बिहार में कोसी, बागमती समेत कई नदियां उफान पर हैं। इसी बीच रविवार को सीतामढ़ी के रुन्नीसैदपुर स्थित बागमती नदी में 40 लोगों से भरी एक नाव पलट गई। नाव पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने नदी में छलांग लगाकर यात्रियों को बचाया। कई लोग खुद तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए। बागमती नदी में नाव पलटने का एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें देखा जा सकता है कि एक नाव पर क्षमता से अधिक लोग सवार हैं। नदी की तेज धारा के बीच नाव पहले डगमगाती है और फिर अचानक पलट जाती है। नाव पलटते ही सभी यात्री नदी में गिर जाते हैं। नदी के दूसरे किनारे पर खड़े लोग मदद के लिए चिल्लाते और बचाव की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीण इरफान अंसारी ने बताया कि खड़का गांव निवासी मो. फरहान का निधन हो गया था। उन्हें सुपुर्द-ए-खाक करने के लिए शव को नदी पार स्थित कब्रिस्तान ले जाया गया।

## अमृतसर में कुत्तों ने बुजुर्ग को नोच-नोचकर मार डाला



- गली में घेरा, गर्दन और पेट पर काटा
- बचाव करते वक्त जमीन पर गिरे

**अमृतसर।** अमृतसर में कुत्तों के झुंड ने बुजुर्ग को नोच-नोच कर मार डाला। बुजुर्ग रिश्तेदार से मिलकर घर लौट रहे थे। इस दौरान गली में उन्हें 5-7 कुत्तों ने घेर लिया। कुत्ते उन्हें काटने आए तो वह उन्हें हाटने लगे। इस दौरान वह जमीन पर गिर गए। इसके बाद वह उठ नहीं पाए। कुत्तों ने उन्हें पेट, टांग, पीठ और गर्दन पर नोचा। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है, जिसमें कुत्ते बुजुर्ग पर हमला करते दिख रहे हैं। बुजुर्ग की पहचान गुरदीप सिंह (70) के रूप में हुई है। शनिवार रात को वह रोजाना की तरह काम से घर लौटे थे। इसी दौरान उन्हें पता चला कि पिछली गली में रहने वाले रिश्तेदार की तबीयत खराब है। रात को खाना खाने के बाद वह हालचाल जानने के लिए घर से निकल गए। रात करीब 10:30 बजे रिश्तेदार के घर से लौटते समय गली में घूम रहे 5-7 कुत्तों ने उन्हें घेर लिया। उन्होंने बचने की कोशिश की, लेकिन कुत्तों ने उन्हें जमीन पर गिराकर हमला कर दिया।



## चिंतन

# सरकार और विपक्ष टकराव नहीं, चर्चा को दें प्राथमिकता

आज से शुरू हो रहा संसद का मानसून सत्र ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब देश के सामने शिक्षा, रोजगार, महंगाई, कृषि, राष्ट्रीय सुरक्षा और संघीय ढांचे जैसे अनेक गंभीर मुद्दे हैं। ऐसे में देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था से जनता की अपेक्षा शोर-शराबे की नहीं, बल्कि सार्थक बहस और ठोस समाधान की है। दुर्भाग्य से सत्र शुरू होने से पहले ही सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं। विपक्ष जहां नीट पेपर लीक, बिहार की मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर), शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे को लेकर सोनम वांगचुक और कॉकरोच जनता पार्टी के अध्यक्ष अभिजीत दीपके के अनशन, परिसीमन और अन्य मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में है, वहीं सरकार अपने विधायी एजेंडे को आगे बढ़ाना चाहती है। यह टकराव लोकतंत्र का हिस्सा हो सकता है, लेकिन यदि यह सदन की कार्यवाही को ठप कर दे तो सबसे बड़ा नुकसान देश और जनता का होता है। लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका केवल विरोध करने की नहीं, बल्कि सरकार को जवाबदेह बनाने की भी होती है। यदि नीट पेपर लीक जैसा मामला लाखों छात्रों के भविष्य से जुड़ा है या किसी अन्य विषय पर जनता के मन में सवाल हैं, तो उन्हें संसद में पूरी गंभीरता से उठाया जाना चाहिए। सरकार का भी दायित्व है कि वह इन मुद्दों पर स्पष्ट और संतोषजनक जवाब दे। विपक्ष को भी यह समझना होगा कि लगातार हंगामा, नारेबाजी और सदन की कार्यवाही बाधित करना लोकतांत्रिक संघर्ष का सबसे प्रभावी तरीका नहीं है। पिछले वर्षों का अनुभव बताता है कि संसद की उत्पादकता घटने से जनता में निराशा बढ़ी है। करोड़ों रुपये का सार्वजनिक धन खर्च होने के बावजूद यदि सदन नहीं चलता, तो इसका सीधा नुकसान करदाताओं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को होता है। संसद का मंच बहस के लिए बना है, बहिष्कार या व्यवधान के लिए नहीं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का यह कहना उचित है कि राजनीतिक लाभ चर्चा से मिलता है, हंगामे से नहीं। वहीं, सरकार को भी यह सुनिश्चित करना होगा कि विपक्ष की आवाज दबे नहीं। छोटे दलों को पर्याप्त समय मिले, विधेयकों को जल्दबाजी में पारित न किया जाए और सभी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हो। यदि सरकार संवाद का रास्ता अपनाएगी तो विपक्ष पर भी रचनात्मक सहयोग का नैतिक दबाव बनेगा। सत्र से पहले हुई सर्वदलीय बैठक में तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों को बुलाने को लेकर विपक्ष का वॉकआउट भी बताता है कि राजनीतिक अविश्वास कितना गहरा हो चुका है। यह अविश्वास तभी कम होगा, जब सरकार सभी दलों के साथ निष्पक्ष और पारदर्शी व्यवहार करेगी तथा विपक्ष भी हर मुद्दे को केवल राजनीतिक संघर्ष का माध्यम बनाने के बजाय जनहित के नजरिए से देखेगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में संसद केवल कानून बनाने का मंच नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधि सदन है। यदि संसद संवाद की जगह टकराव का अखाड़ा बन जाएगी, तो लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत ही कमजोर पड़ जाएगी। कुल मिलाकर मानसून सत्र में सरकार को जवाबदेही, पारदर्शिता और संवाद का परिचय देना होगा, जबकि विपक्ष को अपनी भूमिका जिम्मेदार और रचनात्मक तरीके से निभानी होगी। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन संसद की कार्यवाही बाधित करना समाधान नहीं हो सकता। इसी तरह सरकार की जिम्मेदारी भी विपक्ष के सवालों का पारदर्शी और तथ्यपूर्ण जवाब देना है। ऐसे में यह मानसून सत्र टकराव का नहीं, बल्कि संवाद, जवाबदेही और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का अवसर बनना चाहिए।



मुद्दा
विकास खितौलिया

# संवाद स्थापित करना ही विवेकपूर्ण कदम

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का विश्वास होता है। यह विश्वास केवल चुनाव जीतने से नहीं मिलता, बल्कि जनता की पीड़ा को सुनने और उसका समाधान करने से बनता है। जब सरकार संवाद से दूरी बना लेती है, तब असंतोष सड़कों पर दिखाई देने लगता है। इन दिनों दिल्ली के जंतर-मंतर पर पर्यावरणविद् और सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक तथा उनके साथ मौजूद छात्र और समर्थक अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करते हुए अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल किसी भी व्यक्ति का सहज निर्णय नहीं होता।

यह तब होता है, जब लोगों को लगता है कि उनकी बात सामान्य माध्यमों से नहीं सुनी जा रही। यह आंदोलन केवल एक क्षेत्र या एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि शासन, संवाद और जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है। इसी समय देश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर भी असंतोष कम नहीं है। देश का युवा भी एक अलग संघर्ष लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया है। वर्षों की मेहनत, परिवार की उम्मीदें, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक तनाव के बाद जब परीक्षा की निष्पक्षता पर ही सवाल खड़े हो जाएं, तो युवाओं का व्यवस्था पर भरोसा डगमगाना स्वाभाविक है। पेपर लीक जैसी घटनाएं केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय है। सरकारें बदलती रहती हैं, मंत्री पद दोबारा मिल सकता है, लेकिन एक छात्र का खोया हुआ वर्ष वापस नहीं आता। परीक्षा रद्द होती है, दोबारा आयोजित होती है, लेकिन उस दौरान छात्रों का समय, मेहनत, पैसा और मानसिक संतुलन कौन लौटाएगा? सार्वजनिक चर्चा में यह भी बार-बार कहा जाता रहा है कि परीक्षा संबंधी अनियमितताओं और मानसिक दबाव के कारण कई छात्रों ने आत्महत्या जैसे दुखद कदम उठाए हैं। भले ही इन घटनाओं के पीछे कई सामाजिक और व्यक्तिगत कारण भी हो सकते हैं, लेकिन यह स्वीकार करना होगा कि शिक्षा व्यवस्था में लगातार पैदा हो रहे संकट ने युवाओं की चिंता और निराशा को बढ़ाया है। सरकार की जिम्मेदारी केवल दोषियों को पकड़ने तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि ऐसी मजबूत व्यवस्था विकसित करने की भी होनी चाहिए जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कठोर प्रणाली ना होने के कारण देश की सभी सर्वश्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों में पेपर लीक घटनाएं हुई है। अनेक बार परीक्षा प्रणाली में बार-बार सामने आई खामियों ने देश के युवाओं के मन में कई सवाल खड़े किए हैं। आखिर बार-बार पेपर कैसे लीक हो जाते हैं? जिम्मेदार कौन है? क्या केवल छोटे कर्मचारियों या गिरोहों पर कार्रवाई पर्याप्त है, या फिर प्रशासनिक जवाबदेही भी तय होनी चाहिए? लोकतंत्र में सत्ता अधिकार के साथ उत्तरदायित्व भी लेकर आती है। इसलिए जनता यह जानना चाहती है कि ऐसी घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी कौन स्वीकार करेगा। ऐसे में सरकार से यह सवाल पूछा जाना स्वाभाविक है कि क्या पेपर लीक जैसी गंभीर घटनाओं की नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी तय नहीं होनी चाहिए क्या? क्या केवल निचले स्तर पर कार्रवाई पर्याप्त



है, या फिर जवाबदेही ऊपर तक भी तय होनी चाहिए? आंदोलनकारी छात्रों, सोनम वांगचुक, विपक्ष और विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे की मांग भी उठाई जा रही है। जबकि हमें पता है कोई भी इस्तीफा अपने आप में समाधान नहीं होता, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार करने की परंपरा शासन के प्रति जनता का विश्वास मजबूत करती है। इसी कारण जनता का विश्वास केवल आश्वासनों से नहीं, बल्कि परिणामों से लौटता है।

दूसरी ओर, सरकार का कहना है कि पेपर लीक के मामलों में सख्त कार्रवाई की जा रही है और परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए कानूनी तथा तकनीकी सुधार किए जा रहे हैं। लोकतंत्र में इन दोनों पक्षों के बीच गंभीर संवाद होना आवश्यक है, क्योंकि केवल आरोप-प्रत्यारोप से समस्या का समाधान नहीं निकलता। जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन को लेकर सरकार का रवैया भी चर्चा का विषय है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को यह समझना चाहिए कि संवाद कमजोरी नहीं, बल्कि परिपक्वता की निशानी है। किसी भी लोकतांत्रिक सरकार के लिए यह आवश्यक है कि वह आंदोलनकारियों की बात सुने, चाहे उनकी सभी मांगों से सहमत हो या नहीं। उनकी बात सुनना और संवाद स्थापित करना सरकार का दायित्व अवश्य है। संवाद की कमी अक्सर आंदोलनों को लंबा खींच देती है और इससे समाज में अनावश्यक तनाव पैदा होता है। इतिहास गवाह है कि कई बार समय रहते संवाद न होने के कारण छोटे आंदोलन बड़े जनआंदोलन का रूप ले लेते हैं। जिस कारण राजनीतिक रूप से भी सरकार को नुकसान उठाना पड़ता है। जब आंदोलन लंबा और आक्रामक हो जाता है, विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को राजनीति अवसर पैदा करती है। इसी कारण यह भी सच है कि बड़े आंदोलनों में अलग-अलग राजनीतिक दलों और वैचारिक संगठनों की उपस्थिति दिखाई देती है। जंतर-मंतर के आंदोलन को लेकर भी ऐसे दावे किए जा रहे हैं। यदि सरकार केवल इस आधार पर आंदोलन की अनदेखी करेगी कि उसमें विपक्षी या अन्य विचारधाराओं के लोग मौजूद हैं, तो मूल प्रश्न पीछे छूट जाएगा। यदि सरकार केवल राजनीतिक चश्मे से आंदोलन को देखेगी और मूल मुद्दों की अनदेखी करेगी, तो विवाद और गहरा हो सकता है। आज का सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि देश का युवा किस दिशा में जा रहा है।

बेरोज़गारी, प्रतियोगी परीक्षाओं की अनिश्चितता, पेपर लीक, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और मानसिक तनाव पहले से ही युवाओं को प्रभावित कर रहे हैं। यदि इन परिस्थितियों में उनकी शिकायतों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो असंतोष और बढ़ सकता है। यह समय सरकार के लिए संकेत है कि वह परिस्थितियों को केवल राजनीतिक नजरिए से न देखे। यदि युवाओं का असंतोष व्यापक रूप लेता है, तो उसका असर केवल राजनीति तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सामाजिक स्थिरता और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भी पड़ेगा। लोकतंत्र की सफलता इस बात से तय नहीं होती कि विरोध कितना दबाया गया, बल्कि इस बात से होती है कि विरोध की आवाज़ को कितनी गंभीरता से सुना गया। जनता और सरकार में विश्वास रहना चाहिए, संवाद रहना चाहिए। आज आवश्यकता राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में निर्णय लेने की है। इसलिए जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलनकारियों से सम्मानजनक संवाद शुरू करे। देश का भविष्य युवाओं के हाथों में है। यदि वही व्यवस्था से निराश हो गए, तो यह केवल सरकार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की हार होगी। इसलिए समय रहते संवाद स्थापित करना ही सबसे विवेकपूर्ण कदम होगा।

( लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवाचार
ऋतुपर्ण दवे




# एग्रो-होम्योपैथी कृषि क्षेत्र की नई क्रान्ति

होम्योपैथी एक वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति जरूर है, लेकिन बहुत ही तेजी से लोकप्रिय भी हो रही है। यह रोगी के समग्र स्वास्थ्य जिसमें मानसिक और शारीरिक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करके प्राकृतिक रूप से शरीर की रोग-प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की ताकत होती है। होम्योपैथी को एक सुरक्षित चिकित्सा पद्धति माना जाता है, क्योंकि इससे कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होते हैं। यही होम्योपैथी यदि कृषि के क्षेत्र में भी उपयोगी साबित हो तो इसे किसी चमत्कार से कम नहीं कहा जा सकता। इन दिनों दुनिया भर में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर न केवल बड़े-बड़े शोध चल रहे हैं बल्कि तेजी से उपयोग भी बढ़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। कृषि क्षेत्र में इसका सफल प्रयोग कई दशकों से हो रहा है। इसकी शुरुआत हालांकि शौकिया तौर पर हुई, लेकिन जब इसके फायदे नजर आने लगे तो तेजी से शोध और परीक्षण भी होने लगे और लोगों की इसको लेकर उत्सुकता भी बढ़ी। अब नतीजे भी दिखने लगे हैं। होम्योपैथी दवाओं के टिंचर की कुछ बूंदें थोड़े से पानी में मनुष्यों को देकर यह विश्वास उत्पन्न किया जाता है कि यह बीमारी की जड़ तक पहुंचकर उसका समाधान करता है। बस यही फॉर्मूला कृषि क्षेत्र में भी अपनाया जा रहा है। वास्तव में होम्योपैथिक दवाएं बैक्टीरिया या कीटों को सीधे नहीं मारकर,पौधों की अपनी जैविक प्रणालियों को प्रभावित करती है जिससे वो अपना प्राकृतिक रक्षा तंत्र,जरूरत के हिसाब से विकसित और सक्रिय कर पाते हैं। एग्रीकल्चर सेक्टर में होम्योपैथी का उपयोग उसी सिद्धांत पर आधारित है, जिसमें किसी बीमारी को जड़ से समाप्त करने के लिए धीरे-धीरे डायल्यूट दवाओं से किसी बीमारी को काबू किया जाता है, जिससे वह जड़ से ही समाप्त हो जाती है। यह पौधों की आनुवंशिक गतिविधियों और चयापचय यानी मेटाबॉलिज्म में परिवर्तन की प्रक्रिया को प्रेरित कर सकता है। इससे रक्षा प्रणालियां सक्रिय होती हैं। देश में एग्रो-होम्योपैथी को लेकर पुडुचेरी प्रयोग खासा सफल और चर्चाओं में है। श्री अरबिंदो सोसाइटी (एसएएस) की अगुवाई में एक नई पहचान बन रही है। एग्रो-होम्योपैथी से दोहरा लाभ भी सामने आया। जहां पानी की खपत घटी और इस कारण भूजल स्तर भी बढ़ा। 2018 में शुरू हुई आहार परियोजना में कृषि क्षेत्र में होम्योपैथी के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए शुरू हुए इस प्रोजेक्ट की सफलता का अंदाजा इसी से लगता है कि कुछ ही समय में इसे नाबार्ड और उसके बाद टाटा ट्रस्ट का समर्थन मिला। वैज्ञानिक प्रयोगों के बाद जब यह फॉर्मूला खेतों में पहुंचा तो वहां भी बेहद असरकारक रहा। पहले भिंडी उसके बाद धान की उपज में काफी सकारात्मक परिणाम आए। इससे मिट्टी की उर्वरता भी बढ़ी जिससे रसायनों पर निर्भरता घटी। सर्वविदित है कि खेतों में उर्वरकों का छिड़काव करने से मिट्टी के सूक्ष्म जीवों को नुकसान होता है, लेकिन कृषि-होम्योपैथी के मिश्रण ने पत्तियों को नई जान तो दी, साथ ही पौधों की प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। शोधकर्ताओं ने कृषि-होम्योपैथी की लागत को बेहद सस्ती पाया। पहले जहां कृषक 20 से 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर रसायनों पर व्यय करता था, वहीं होम्योपैथिक दवाओं पर केवल 700 रुपये प्रति हेक्टेयर ही खर्च कर और भी बेहतर परिणाम हासिल करने लगा। यह कमाल ही था जो होम्योपैथिक दवाओं की चंद मिलीमीटर दवाओं ने सैकड़ों लीटर पानी में घुले रसायनों पर भारी पड़ कर असर दिखाया। इससे खेती में हानिकारक रसायनों का इस्तेमाल रुकने से फसल की चमक और पुष्टता भी बेहतर हुई, जिससे किसानों को उपज की अच्छी कीमत मिलने लगी। होम्योपैथी दवाएं वनस्पतियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को जबरदस्त बढ़ाती हैं। इससे वनस्पतियां, फसल होने वाली बीमारी को अपने आप ठीक कर लेते हैं। एग्रो-होम्योपैथी में अलग-अलग और बेहद सस्ती चंद मिलीमीटर दवाएं बीजों के अंकुरण से लेकर रोगों से बचाव और फूलने-फलने को बेहतर बनाने में कारगर सिद्ध हो रही है। ये दवाएं कीट प्रबंधन की दिशा में भी काफी सफल हैं। यहां तक कि फसल में वायरस या बैक्टीरिया के दुष्प्रभावों पर भी असरकारक हैं। वह दिन दूर नहीं, जब निरंतर शोध और प्रयोगों के बाद एग्रो-होम्योपैथी की भी ढेरों और अलग-अलग शाखाएं बनना तय है। यह भविष्य का वृहद कृषि पारिस्थितिकी तंत्र होगा। इसमें भी उपचारों की अलग-अलग विधियां होंगी। इतना तो तय है कि रसायनों और उर्वरकों के बोझ से आहत मिट्टी को यदि कोई नया जीवन और जहरीले तत्वों से मुक्ति दिलाएगा तो वह भविष्य का एग्रो-होम्योपैथी सेक्टर होगा। वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी की नई शाखा यानी एग्रो-होम्योपैथी जल्द ही अपनी शानदार धमक दिखाने को तैयार है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# दृष्टिकोण को बनाएं व्यापक



संकलित
**दर्शन**

हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे सब कुछ अच्छा करें। परीक्षाओं और प्रतियोगिताओं में लगातार जीतने की इच्छा उनके लिए जीवन से भी बड़ी हो जाती है। वे विश्वास करने लगते हैं कि हर कीमत पर जीतना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। जब उन्हें अस्वीकृति मिलती है, तब वे नहीं समझ पाते कि उन्हें क्या करना चाहिए। दरअसल, हम उन्हें विशाल दृष्टिकोण नहीं देते, तब जीवन में क्या सबसे महत्वपूर्ण है, इसके विषय में उनकी समझ असंतुलित हो जाती है। विशाल दृष्टिकोण यह है कि जीवन स्वयं में एक बहुत बड़ी परीक्षा है, जिससे होकर आप गुजर रहे हैं। ऐसा मत सोचिए कि परीक्षा में सफल या असफल हो जाने से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित हो जाएगी। जो मूल्य एक दूसरे के विपरीत प्रतीत होते हैं, जैसे जीत या हार, सफलता या असफलता, ऊंचा या नीचा, वे वास्तव में एक दूसरे के पूरक हैं। एक मूल्य दूसरे मूल्य के महत्व को बढ़ाता है। एक विशाल आध्यात्मिक दृष्टिकोण के साथ ही युवा बिना अपनी मुस्कान और उत्साह को खोए हुए, जीवन के इन विपरीत मूल्यों की प्रशंसा करना सीख सकते हैं। ऐसी शक्ति, ऐसी मुस्कान, जिसे कोई छीन न सके और ऐसा साहस, जो विपरीत परिस्थितियों का सामना करने में भी समाप्त ना हो, वह सफलता है। युवाओं को स्वयं और समाज के लिए बड़े लक्ष्य और विशाल दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए और सेवा को जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसी प्रतिबद्धता आपको बाधाओं के पार ले जा सकती है।

# गुरु की सीख से बड़ी मुश्किलें भी होती हैं दूर



संकलित
**प्रेरणा**

बृहस्पति देवताओं के गुरु हैं। महाभारत के आदि पर्व के मुताबिक, बृहस्पति महर्षि अंगिरा के पुत्र हैं और अपने ज्ञान से देवताओं का मार्गदर्शन करते हैं। एक कथा है कि एक बार देवराज इंद्र की जगह राजा नहुष को स्वर्ग का राजा बनाया गया था। स्वर्ग का राजा बनते ही राजा नहुष अहंकारी हो गया। वह देवताओं को तरह-तरह से परेशान करता रहता था। सभी देवगण राजा नहुष से त्रस्त हो गए थे। इसी बीच बलशाही होने के कारण राजा नहुष के मन में इंद्र की पत्नी शची के लिए पाप आ गया। वह उसे अपनी पत्नी बनाना चाहता था। इससे डरकर शची देवगुरु बृहस्पति के पास पहुंचीं। बृहस्पति ने शची को एक योजना बताई। बृहस्पति ने शची से कहा कि आप नहुष से कहना कि जब वह सप्त ऋषियों द्वारा उठाई गई पालकी में बैठकर आएगा, तब ही वह उसे अपना स्वामी मानेगी। शची ने यही किया। बृहस्पति की योजना के अनुसार शची ने ये बात नहुष से कह दी। नहुष ने ऐसा ही किया। सप्तऋषि जब पालकी उठाकर चल रहे थे, तभी अहंकारी राजा नहुष ने एक ऋषि को लात मार दी। क्रोधित होकर ऋषि ने उसे उसी समय स्वर्ग से गिरने का शाप दे दिया। शाप के बाद राजा नहुष ने स्वर्ग का राजपाठ खो दिया। इस प्रकार देवगुरु बृहस्पति की सलाह से शची की रक्षा हो गई। गुरु की सीख से बड़ी-बड़ी मुश्किलें दूर हो सकती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### रेलवे के विकास को रफ्तार

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के कुछ रेल्वे स्टेशन के आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण रेलवे स्टेशन को आमजन को समर्पित किया। यह रेलवे स्टेशन आधुनिक जैसी सुविधाओं वाला हो गया। इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को बहुत ज्यादा फायदा होगा। केंद्र सरकार रेलवे को विकास की पटरी पर दौड़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है और उम्मीद है कि सरकार देश के सभी रेलवे स्टेशनों की काया पलट देगी। हर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हर सुविधा मिलेगी। केंद्र सरकार ने रेलवे का विस्तार शुरू किया है। अब तो यहां के लोगों को भी आधुनिक और नई तकनीक की ट्रेन वंदे भारत की सौगात मिली है। इसके साथ ही हाइड्रोजन ट्रेन भी विकास को दर्शाती है।

*– रुहिश कुमार, रोहतक*

## ट्रेंड

### युवा अचीवर्स को बधाई



ताशकंद, उज्बेकिस्तान में आयोजित इंटर नेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड और विलनियस, लिथुआनिया में आयोजित इंटरनेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन करने वाले हमारे होनहार युवा अचीवर्स को हार्दिक बधाई।

- **राजनाथ सिंह,** रक्षामंत्री


### वांगचुक को उठाना गलत



मोदी सरकार के मुख्य सिद्धांत असत्य और हिंसा हैं। सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से हटाना, जबकि वे अहिंसक भूख हड़ताल पर थे, गलत है। पेपर लीक, शिक्षा की बढ़ती लागत और छात्रों की आत्महत्या भारत के भविष्य के लिए गंभीर मुद्दे हैं।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### सरप्लस राज्य



हम बिजली के मामले में सरप्लस (अतिरिक्त उत्पादन करने वाले) राज्य हैं। कुछ दिन पहले पंजाब के साथ समझौता हुआ है। हम तीन साल तक पंजाब को बिजली की सप्लाई करेंगे। चंडीगढ़ में हमारी 7.19% हिस्सेदारी है। हम अपने अधिकार हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### बौद्धिक क्षमता का परचम



देबदत्त प्रियदर्शी, हर्षित सिंघल, कबीर चिल्लर और संदीप कुची ने 58वें इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीतकर ग्लोबल मंच पर भारत की बौद्धिक क्षमता का परचम लहराया है। चारों गोल्ड मेडल विजेताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

# अमेरिका में मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ मनाई गई



अमेरिका में आयोजित मराठी कला मंडल की 51वीं वर्षगांठ के समारोह में अमेरिकी सांसद सुहास सुब्रमण्यम हाथ में केसरिया ध्वज लेकर पारंपरिक नृत्य करते नजर आए और उन्होंने भारतीय समुदाय से अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस समारोह में प्रवासी भारतीय समुदाय के सैकड़ों लोग शामिल हुए। वर्जीनिया के 10वें डिस्ट्रिक्ट का प्रतिनिधित्व करने वाले सुब्रमण्यम ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पारंपरिक शोभायात्रा में भी हिस्सा लिया। शनिवार को समारोह की शुरुआत पारंपरिक ढोल-ताशे की गूंज के बीच निकली इस शोभायात्रा से हुई। वर्जीनिया से अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर और मिशिगन से कांग्रेस सदस्य श्री थानेदार ने समारोह के लिए अपने बधाई संदेश भेजे, जिन्हें वर्जीनिया के लीसबर्ग में आयोजित कार्यक्रम में पढ़कर सुनाया गया। सुब्रमण्यम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा, 'जब आप अपने देश से दूर किसी दूसरे देश में रहते हैं, तब अपनी परंपराओं को जीवित रखना आसान नहीं होता। लेकिन हमारी परंपराएं बेहद महत्वपूर्ण हैं और अगली पीढ़ी ही इन्हें आगे बढ़ाएगी।' उन्होंने कहा, मैं आप सभी का आभारी हूं कि आप हमारे समुदाय को अपनी समृद्ध परंपराओं और अपने उत्कृष्ट कार्यों से परिचित करा रहे हैं।

## ऑफ बीट

# आज सबसे बड़ी चुनौती बन रहे 'सूक्ष्म प्लास्टिक कण'



सूक्ष्म प्लास्टिक कण (माइक्रोप्लास्टिक) आज दुनिया के सामने सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौतियों में से एक है। ये समुद्रों, पीने के पानी, समुद्री भोजन और हमारी सांसों की हवा में तो पहले ही मिल चुके हैं। अब ये मानव शरीर के लगभग हर हिस्से- प्लेसेंटा (गर्भनाल) से लेकर मस्तिष्क तक में भी पाए जा रहे हैं। एक नए अध्ययन ने इस सूची में एक और अंग जोड़ दिया है- हृदय को रक्त पहुंचाने वाली कोरोनरी धमनियां। हालांकि कोरोनरी रक्त में सूक्ष्म प्लास्टिक कण का मिलना चिंता का विषय है, लेकिन अध्ययन का सबसे दिलचस्प निष्कर्ष प्लास्टिक नहीं, बल्कि यह है कि ये वहां तक पहुंच कैसे रहे हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि धूम्रपान करने वाले लोगों में, धूम्रपान न करने वालों की तुलना में हृदय को रक्त पहुंचाने वाली धमनियों में सूक्ष्म प्लास्टिक और अति सूक्ष्म प्लास्टिक कण पाए जाने की आशंका छह गुना अधिक थी। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह रही कि जो लोग धूम्रपान करते थे और साथ ही अत्याधिक प्रदूषित माहौल में रहे, उनमें से हर व्यक्ति के रक्त में प्लास्टिक के कण पाए गए। इसके विपरीत, जो लोग न तो धूम्रपान करते थे और न ही अधिक प्रदूषित माहौल में रहते थे, उनमें केवल 12 .5 प्रतिशत लोगों के रक्त में ऐसे कण मिले।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# गोलों की सुनामी में इंग्लैंड विजेता, एमबाप्पे का वर्ल्ड रिकॉर्ड

## इंग्लैंड ने फ्रांस को 6-4 से हराया, जीता ब्रॉन्ज मेडल



एजेंसी ⏭मियानी गार्डन्स

बुकायो साका के तीन गोल की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे स्थान के रोमांचक प्ले ऑफ मुकाबले में 6-4 से जीत दर्ज की जबकि किलियन एमबाप्पे ने दूसरे हाफ में दो गोल करके फुटबॉल विश्व कप में लियोनल मेस्सी के सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और 'गोल्डन बूट' की दौड़ में सबसे आगे निकल गए। यह 1982 में हंगरी की अल सल्वाडोर पर 10-1 की जीत के बाद विश्व कप में सबसे अधिक गोल वाला मैच था। तीसरे स्थान के मैच में 10 गोल अब तक के सबसे अधिक गोल हैं। साका ने 37वें मिनट और पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल करने के बाद 87वें मिनट में पेनल्टी से अपना तीसरा गोल करके इंग्लैंड के लिए अपने करियर की दूसरी हैट्रिक पूरी की।

### इंग्लैंड ने किया दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल

इंग्लैंड के लिए डेकलान राइस और एजरी कोंसा ने भी पहले हाफ में गोल किए, जिससे मध्यांतर तक इंग्लैंड की टीम 4-0 से आगे हो गई। रोमांचक दूसरे हाफ में भी इंग्लैंड ने अपनी बढ़त बनाए रखी और विश्व कप में अपना दूसरा सबसे अच्छा नतीजा हासिल किया। इंग्लैंड ने अपना एकमात्र खिताब 1966 में जीता था। इंग्लैंड के लिए छठा गोल जूड बेलिंघम ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के आठवें मिनट में किया, जो टूर्नामेंट में उनका सातवां गोल था।

### हाइड्रेशन ब्रेक से निराशा

फीफा ने दोनों हाफ के बीच में पानी के लिए ब्रेक लागू किए, जो इस विश्व कप के लिए एक नई चीज। स्टेडियम में मौजूद प्रशंसकों ने इसकी जोरदार हूटिंग की और पूर्व खिलाड़ियों ने भी इसकी आलोचना की। ये ब्रेक खिलाड़ियों को गर्मी से निपटने में मदद करने के लिए शुरू किए गए थे लेकिन फीफा ने नियम बनाया कि मौसम और चाहे जो भी हो, ये ब्रेक होंगे ही।




## विश्व कप के महत्वपूर्ण पल

### बड़े सितारों का जलवा



टूर्नामेंट में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी को दिए जाने वाले 'गोल्डन बूट' की दौड़ में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें लियोनल मेस्सी, किलियन एमबाप्पे, एर्लिंग हालैंड, हैरी केन और जूड बेलिंघम ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। एमबाप्पे 10 गोल के साथ गोल्डन बूट की दौड़ में सबसे आगे हैं। उन्होंने अपने करियर में विश्व कप में कुल 22 गोल का रिकॉर्ड भी बनाया। मेस्सी ने मौजूदा विश्व कप आठ गोल किए और एक मैच बाकी रहते हुए उनके विश्व कप में कुल 21 गोल हैं।

### बड़ी प्रौद्योगिकी, बड़ी शिकायतें

वीडियो सहायक रिव्यू (वीएआर) कई विवादित फैसलों की वजह बना, जिसमें जर्मनी, क्रोएशिया और मिस्र के महत्वपूर्ण गोल रद्द कर दिए गए। राउंड ऑफ 16 में अर्जेंटीना के 0-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 3-2 से जीतने पर मिस्र के कोच होसाम हसन ने इसकी तीखी आलोचना की। टूर्नामेंट में इस्तेमाल की जा रही सेंसर वाली बेहद आधुनिक गेंद की वजह से राउंड ऑफ 32 में पुर्तगाल के खिलाफ क्रोएशिया का आखिरी समय में बराबरी का गोल नहीं हो पाया क्योंकि गेंद ने इगोर मंटानोविच का हल्का सा स्पर्श भी पकड़ लिया और जोस्को ग्वार्डियोल के गोल को ऑफसाइड करार दिया।



### टिकट की बहुत अधिक कीमतें

टूर्नामेंट शुरू होने से पहले चिंता थी कि फीफा की 'डाइनामिक प्राइसिंग' (समय के साथ बदलती कीमतें) की वजह से आम प्रशंसकों के लिए मैच के टिकट खरीदना मुश्किल हो जाएगा। कुछ आलोचकों ने फीफा पर 'बहुत बड़ा धोखा' करने का आरोप लगाया। आम बिक्री में टिकट की कीमतें ग्रुप चरण के मुकाबलों के लिए 140 से 2,735 डॉलर और फाइनल के लिए 8,680 डॉलर थीं जो 2022 में कतर में हुए पिछले विश्व कप की कीमतों से कहीं अधिक थीं। फीफा ने पुनः बिक्री वाली टिकटों की कीमतों पर कोई नियंत्रण नहीं रखा लेकिन बिक्री से अपना हिस्सा लिया। इतनी आलोचना के बावजूद प्रशंसक बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचे।



### युद्ध के बावजूद ईरान ने हिस्सा लिया

विश्व कप में राजनीति और खेल का आपस में जुड़ना कोई नई बात नहीं है। इस बार सबसे अधिक राजनीतिक तनाव ईरान की राष्ट्रीय टीम को लेकर था। पश्चिम एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से संदेह पैदा हो गया था कि क्या ईरान की टीम विश्व कप में हिस्सा ले पाएगी या नहीं। टीम ने हिस्सा तो लिया लेकिन अपना आधार शिविर एरिजोना से मैक्सिको ले जाने के बाद। अमेरिका ने ईरान के दल के कई सदस्यों को वीजा देने से इनकार कर दिया था।

---

## खबर संक्षेप

### आज से हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम सोमवार को मस्कट में पहली एफआईएच युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप में अपना अभियान शुरू करेंगी तो उनका लक्ष्य पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप में जगह पक्की करना होगा। छह दिन तक चलने वाला यह टूर्नामेंट पहले एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के तौर पर काम करेगा। सरदार सिंह की कोचिंग वाली भारतीय सब जूनियर पुरुष टीम आत्मविश्वास के साथ टूर्नामेंट में उतर रही है। टीम ने फाइनल में मेजबान जापान को 4-1 से हराकर अंडर-18 एशिया कप का खिताब जीता था। इस टीम में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के खिलाड़ी शामिल हैं और टीम को मेजबान ओमान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ एलीट पूल में रखा गया है।

## भारतीय टीम में हरियाणा के 6 खिलाड़ियों का चयन हुआ



रोहित डागर ⏭रोहतक

■ एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप

थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित होने वाली पहली एशियन आर्म बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा के दम पर भारतीय दल में बड़े पैमाने पर जगह बनाई है। एमेच्योर आर्म बॉक्सिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा जारी आधिकारिक चयन पत्रों के अनुसार प्रदेश के 6 प्रतिभावान खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चयनित खिलाड़ियों में झज्जर से दीपांशु , रेवाड़ी से देवांशू रोहतक के रिटौली गांव से दीक्षा और इसी गांव के हर्ष (सब-जूनियर वर्ग, 32 किलोग्राम भार वर्ग) शामिल हैं। इनके अलावा रेवाड़ी से लक्ष्य और गुरुग्राम से युग का चयन भी टीम इंडिया में हुआ है। यह सभी खिलाड़ी 24 से 26 जुलाई तक बैंकॉक में होने वाली चैंपियनशिप में रिंग में उतरेंगे। सभी 23 जुलाई को रवाना होंगे। भारतीय आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी और हरियाणा आर्म बॉक्सिंग एसोसिएशन के सेक्रेटरी राहुल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। खिलाड़ियों के इस शानदार चयन पर भारतीय टीम के मुख्य कोच प्रेम गुलिया ने कहा यह हमारे देश और विशेषकर हरियाणा के लिए बेहद गर्व का क्षण है। इन सभी बच्चों ने पिछले कुछ महीनों में कड़ा अभ्यास किया है और इनकी तकनीकी क्षमताएं बेहद उच्च स्तर की हैं। दीक्षा ने बताया कि पिता सुरेंद्र पेशे से किसान हैं और माँ पूनम एक गृहिणी हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में अपने छोटे भाई हर्ष से प्रेरित होकर खेल की दुनिया में कदम रखा था। अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत दीक्षा ने वर्ष 2025 में ज़िला स्तरीय, राज्य स्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किए। युग ने खेल के मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में ज़िला स्तरीय, राज्य स्तरीय और नेशनल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही उन्होंने वर्ष 2025 में आयोजित साउथ एशियन चैंपियनशिप में भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। दीपांशु ने बताया कि पिता रवि गुलिया किसान हैं और माँ सुनीता एक गृहिणी हैं। उन्होंने वर्ष 2024 में ज़िला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के साथ-साथ ओपन नेशनल व साउथ एशियन स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीतकर बड़ी कामयाबी हासिल की थी। दीपांशु का यह विजयी अभियान यहीं नहीं रुका, उन्होंने वर्ष 2025 में भी अपनी फॉर्म जारी रखते हुए ज़िला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदकों पर कब्जा जमाया।

### मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में भारत का डंका

## संग्राम ने पाक फाइटर को 80 सेकंड में किया नॉकआउट, बने एशिया चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



भारतीय रेसलिंग लीजेंड और स्टार एमएमए (एमएमए) फाइटर संग्राम सिंह ने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित हाई-वोल्टेज मुकाबले में संग्राम सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान के मोहम्मद आबिद अली को धूल चटा दी। संग्राम सिंह ने इस बेहद रोमांचक मैच में पाकिस्तानी चैलेंजर को मात्र 1 मिनट 20 सेकंड (80 सेकंड) में जबरदस्त नॉकआउट देकर स्ट्राइक एशिया चैंपियनशिप का प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम कर लिया है। संग्राम के कोच भूपेश कुमार ने संग्राम सिंह को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित की जीत

ऐतिहासिक खिताबी जीत दर्ज करने के बाद भावुक हुए संग्राम सिंह ने कहा, मैं जब भी रिंग या केज में उतरता हूँ, तो सिर्फ अपने लिए नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ भारतीयों के गौरव के लिए लड़ता हूँ। भारत-पाकिस्तान का मुकाबला हमेशा भावनाओं से जुड़ा होता है। मैं यह ऐतिहासिक खिताब पूरे देश और देशवासियों को समर्पित करता हूँ।

### शुरुआत से ही बनाया दबदबा

भारत-पाकिस्तान के इस बड़े मुकाबले को लेकर खेल प्रेमियों में भारी उत्साह था, लेकिन संग्राम सिंह ने रिंग में उतरते ही मैच को एकतरफा कर दिया। उन्होंने पहले ही पल से अपने जबरदस्त पावर, सटीक वार और संयम के दम पर आबिद अली पर दबाव बना लिया। पाकिस्तानी फाइटर संग्राम के आक्रामक खेल के सामने टिक नहीं सका और मैच शुरू होने के महज 80 सेकंड के भीतर ही नॉकआउट हो गया।

### रोहित के शानदार शतक के बावजूद हारा भारत

## इंग्लैंड ने 27 रन से जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की



⏭डकेट व बेथेल के बीच 192 की साझेदारी

⏭बेन डकेट ने 135 गेंदों में 141 रन बनाए

- रोहित शर्मा ने 111 गेंदों पर 138 रन बनाए।
- विराट कोहली 60 बॉल पर 74 रन बनाकर आउट हुए।
- रोहित ने कोहली के साथ 113 रन की साझेदारी की।



एजेंसी ⏭लंदन

रोहित शर्मा ने 138 रन की आक्रामक पारी खेल कर आलोचकों को करार जवाब दिया लेकिन उनकी शानदार बल्लेबाजी के बावजूद लॉर्ड्स में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे में भारत को 27 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड ने इसके साथ ही तीन मैचों की श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। इंग्लैंड ने बेन डकेट के करियर के सर्वश्रेष्ठ 142 रन और जैकब बेथेल के 91 रन की मदद से पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 387 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने रोहित शर्मा के 138 रन, शुभमन गिल के 77 और विराट कोहली के 74 रन की बदौलत सात विकेट पर 360 रन बनाए। इंग्लैंड की जीत में पूर्व कप्तान जोस बटलर की आखिरी ओवरों में खेली गई 13 गेंदों में 41 रन की तूफानी पारी निर्णायक साबित हुई। उनकी इस पारी के दम पर इंग्लैंड ने अंतिम पांच ओवरों में 82 रन जुटाए। रोहित के लिए यह मुकाबला बेहद अहम था। चयनकर्ताओं और मुख्य कोच द्वारा भविष्य की योजनाओं में उनसे आगे बढ़ने की चर्चाओं के बीच 39 वर्षीय पूर्व कप्तान पर काफी दबाव था। वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर भारत को श्रृंखला जिताने और अपनी विरासत को बचाने की चुनौती के साथ उतरे थे। रोहित ने अपना 34वां वनडे शतक पूरा करने के बाद न तो बल्ला उठाकर जश्न मनाया और न ही लॉर्ड्स के 'मेंबर्स' बालकनी से मिली तालियों का अभिवादन किया। उनकी 110 गेंदों पर खेली गई 138 रन की पारी में संघर्ष, और जज्बा साफ दिखाई दिया। इंग्लैंड में उनका यह आखिरी वनडे मुकाबला था और आने वाले समय में लोग इसे एक अनुभवी खिलाड़ी के साहसिक संघर्ष के रूप में याद करेंगे।

### बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती : निशु को कांस्य पदक मिला, बेटियों ने कुल आठ पदक कब्जाए

## सोनीपत की काजल को गोल्ड, हिसार की अंतिम ने जीता रजत

हरिभूमि न्यूज ⏭रोहतक



बुडापेस्ट में आयोजित पोल्याक इमरे, वर्गा जानोस और कोज़्मा इस्तवान मेमोरियल कुश्ती रैंकिंग सीरीज टूर्नामेंट में सोनीपत की काजल ने महिलाओं के फ्रीस्टाइल 76 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हिसार की अंतिम पंघाल को 53 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली की नेहा शर्मा ने महिलाओं के 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता, जबकि जींद की निशु ने महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया, जिससे भारत ने बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के शनिवार को चौथे दिन चार पदकों के साथ समापन किया। बेटियों ने इस प्रतियोगिता में दो गोल्ड, दो रजत और चार कांस्य समेत कुल आठ पदक जीते हैं। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश और कोच मनदीप ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। फरवरी में जाग्रेब ओपन में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने पहले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करते हुए, भारत की एशियाई खेल 2026 कुश्ती टीम की सदस्य अंतिम पंघाल फाइनल से पहले शानदार फॉर्म में नजर आईं। 21 वर्षीय भारतीय पहलवान ने लगातार तीन 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता वाली जीत के साथ शुरुआत की, जिसमें उन्होंने जर्मनी की बियांका फाथ, पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ली युक्सुआन और अमेरिका की क्रिस्टेल रोड्रिगेज को हराया। इसके बाद अंतिम ने एक रोमांचक सेमीफाइनल में चीन के मौजूदा एशियाई चैंपियन झांग जिन को 7-5 से हराया। हालांकि, स्वीडन की एम्मा माल्मग्रेन के खिलाफ स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले चोट के कारण उन्हें मुकाबले से हटना पड़ा और उन्हें रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। अंडर-20 विश्व चैंपियन काजल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग के 76 किलोग्राम वर्ग का खिताब अपने नाम किया। स्वर्ण पदक के मुकाबले में भारतीय पहलवान ने अमेरिका की पूर्व पैन अमेरिकन चैंपियन डायमंड गिलफोर्ड को 3-3 के स्कोर से हराया। सेमीफाइनल में काजल ने चीन की शुइयान चेंग को 3-0 से हराने के बाद रोमानिया की पूर्व यूरोपीय चैंपियन एलेक्जेंड्रा एंगेल को 9-0 से हराया।

### नेहा को फाइनल में चीन की हांग केक्सिन ने हराया

नेहा शर्मा ने भी शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल में चीन की ओलंपिक पदक विजेता हांग केक्सिन से हारने के बाद उन्हें महिला 57 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इससे पहले उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में कनाडा की मिया फ्रीसेन को मानदंडों के आधार पर 4-4 से हराया था, जिसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पैन अमेरिकन चैंपियन यूएसए की अमांडा मार्टिनेज को 6-1 से और सेमीफाइनल में ब्राजील की जूलिया पेनाल्बर को 4-0 से हराया था। निशु ने महिलाओं के 53 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीता। नैटिया स्वानिद्ज़े को 11-10 से हराने के बाद, वह राउंड ऑफ 16 में फाइनलिस्ट एम्मा माल्मग्रेन से हार गईं, लेकिन रिपेचेज के माध्यम से कांस्य पदक के मैच में आगे बढ़ीं , जहां उन्होंने कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। इसके बाद निशु ने रोमानिया की ओलंपियन एंड्रिया बीट्रिस एना को मानदंडों के आधार पर 2-2 से हराकर पदक जीता।




## खबर संक्षेप

### राष्ट्रपति मुर्मू 3 देशों की यात्रा पर हुईं रवाना



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु रविवार को मोल्दोवा, उत्तर मैसेडोनिया और रोमानिया की ऐतिहासिक राजकीय यात्रा पर रवाना हो गईं। वे 19 से 25 जुलाई 2026 तक इन देशों के दौरे पर रहेंगी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह भारत के किसी राष्ट्रपति की मोल्दोवा और उत्तर मैसेडोनिया की पहली तथा तीन दशकों में रोमानिया की पहली यात्रा है। सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज और प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसे राजनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण बताया।

### 18 हजार भारतीयों को डिपोर्ट करेगा अमेरिका!



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर डिपोर्टेशन अभियान शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिसमें 18 हजार अनडॉक्युमेंटेड भारतीय सीधे निशाने पर आ गए हैं। इस सख्त इमिग्रेशन नीति के तहत ट्रम्प प्रशासन डिपोर्टेशन के लिए सैन्य विमानों का इस्तेमाल करने जा रहा है। पकड़े गए भारतीयों को कोई अपील या कानूनी मदद का मौका नहीं मिलेगा।

### एपल ने फिर हासिल किया नंबर-1 का ताज



**नई दिल्ली।** दिग्गज टेक कंपनी एपल ने एक बार फिर दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनने का गौरव हासिल कर लिया है। मार्केट कैपिटलाइजेशन के मामले में एपल ने एनवीडिया को पीछे छोड़ दिया है। अप्रैल 2025 के बाद यह पहला मौका है जब एपल ने दोबारा इस शीर्ष मुकाम पर कब्जा किया है। इस बड़े बदलाव को टेक इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा संकेत माना जा रहा है। *एजेंसी*

### एआई से बनाई ओएमआर शीट तो खैर नहीं: एनटीए



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने नीट उम्मीदवारों और उनके माता-पिता के लिए एक बेहद सख्त एडवाइजरी जारी की है। अगर कोई भी छात्र अपने नंबरों को लेकर शिकायत दर्ज कराते वक्त फर्जी या एआई से बनाई गई ओएमआर शीट जमा करता है,तो सीधा कानूनी एक्शन लिया जाएगा।

### जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद से बदली रणनीति

# सैनिकों की मौत से बौखलाए अमेरिका ने ईरान के केशम द्वीप पर किए हमले

एजेंसी ▶▶ तेहरान

> हमलों का उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरान को कमजोर करना है

अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने ईरान के केश्म द्वीप पर नए हवाई हमले किए हैं। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी के अनुसार, द्वीप पर दो धमाकों की आवाज सुनी गई। हमलों के बाद नुकसान का आकलन करने के लिए आपातकालीन और सुरक्षा टीमों को तैनात किया गया है। अमेरिकी सेना ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में स्थित ईरानी बंदरगाह शहर सीरिक को भी निशाना बनाया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने लगातार आठवीं रात सैन्य अभियान की पुष्टि की है। इसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और ईरानी बलों को कमजोर करना है।

यह ताजा हमला शनिवार को जॉर्डन में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद हुआ है। अमेरिकी सेना के अनुसार, ये सैनिक ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों से रक्षा करते समय मारे गए। एक अन्य अमेरिकी सैनिक अभी भी लापता है। इस संघर्ष में 28 फरवरी से अब तक कुल 16 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस सैन्य अभियान का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने ईरान को परमाणु हथियार बनाने से रोकने के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। उन्होंने सैनिकों की मौत पर दुख जताया लेकिन इस मिशन को बेहद जरूरी बताया। बता दें कि ट्रंप के धमकियों का ईरान पर कोई असर नहीं हो रहा है।

*संघर्ष में अब तक दोनों को भारी नुकसान हुआ है*

*28 फरवरी से अब तक 16 अमेरिकी सैनिक मारे गए*



#### ईरान ने अमेरिका को धमकाया


मुजतबा

ईरान के सर्वोच्च नेता मुजतबा खामेनेई ने कहा कि इन हमलों ने एक बार फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के हस्ताक्षर की बेकद्री साबित कर दी है। खामेनेई ने अपने पिता की हत्या के बाद सत्ता संभाली थी। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरानी राष्ट्र और प्रतिरोध मोर्चा अमेरिका को कभी न भूलने वाला सबक सिखाएंगे। खामेनेई के सैन्य सलाहकार मेजर जनरल मोहसिन रजाई ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी बमबारी जारी रही, तो ईरान पूर्ण पैमाने पर आक्रामक अभियान शुरू करेगा। अब ईरान केवल जवाबी कार्रवाई तक सीमित नहीं रहेगा। ईरान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 50 लोगों की मौत हो चुकी है और 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ईरान साफ तौर पर कह रहा है कि वो अमेरिका की धमकियों से डरने वाला नहीं है।

#### ईरान में 5.0 तीव्रता का आया भूकंप, आपात सेवाएं अलर्ट पर

**तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत खुजेस्तान में रविवार सुबह 5.0 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद प्रशासन ने पूरे क्षेत्र में आपात सेवाओं को हाई अलर्ट पर कर दिया है। प्रांत के गवर्नर सैयद मोहम्मद रजा मौलाइजादेह ने कहा कि उन्होंने बचाव और राहत कार्यों में जुटी सभी एजेंसियों को पूरी तरह सक्रिय रहने के निर्देश जारी कर दिए हैं। साथ ही, किसी भी संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित विभागों को तैयार रहने को कहा गया है। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने तेहरान विवि के भूकंप विज्ञान केंद्र के हवाले से बताया कि यह भूकंप लगभग 12 किलोमीटर (7.5 मील) की गहराई में आया। झटके महसूस होने के बाद स्थानीय प्रशासन ने तुरंत राहत और बचाव टीमों को प्रभावित इलाकों में भेज दिया।


#### क़ेशम द्वीप पर 10 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे

ईरान ने दावा किया है कि उसके रणनीतिक महत्व वाले क़ेश्म द्वीप पर 10 से 11 दुश्मन के प्रोजेक्टाइल आकर गिरे हैं। केशम के गवर्नर हुसैन अमीर तैमूरी ने बताया है कि हमले में सिर्फ सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी ने जानकारी दी है कि हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। इसी बीच ईरानी मीडिया ने देश के प्रमुख बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में भी कई तेज धमाकों की खबर दी है। हालांकि, इन धमाकों से कितना नुकसान हुआ है, इसकी आधिकारिक जानकारी अभी सामने नहीं आई है। लेकिन काफी नुकसान हुआ है।

### मेटा के खिलाफ कोर्ट पहुंचे कर्मचारी

## बगैर सहमति के एआई से निगरानी कर 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला गया था

*मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिरी है जमकर उठ रहे हैं सवाल*




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फेसबुक, इंस्टाग्राम और वॉट्सएप की पैरेंट कंपनी मेटा एक बार फिर बड़े विवाद में घिर गई है। कंपनी के 26 पूर्व कर्मचारियों ने मेटा के खिलाफ कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। कर्मचारियों का आरोप है कि कंपनी ने इस साल की शुरुआत में हुई लगभग 8,000 कर्मचारियों की छंटनी के दौरान पारंपरिक मैनेजरों की राय के बजाय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंटरनल सिस्टम का इस्तेमाल किया। शिकायत के अनुसार, इस एआई सिस्टम ने कर्मचारियों की परफॉर्मेंस रेटिंग, कीस्ट्रोक, कंप्यूटर एक्टिविटी, माउस मूवमेंट, ब्राउजर हिस्ट्री, ईमेल और लोकेशन डेटा जैसे प्रोडक्टिविटी आंकड़ों के आधार पर स्कोर तैयार किए।

#### मेटा ने स्वीकारा एआई का उपयोग

दूसरी तरफ, मेटा ने इन सभी आरोपों को पूरी तरह से बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है। कंपनी के प्रवक्ता का कहना है कि वर्कफोर्स मैनेजमेंट और कर्मचारियों की छंटनी से जुड़े सभी निर्णय पूरी तरह इंसानों (मैनेजर्स) द्वारा लिए गए हैं, इसमें एआई की कोई भूमिका नहीं थी। हालांकि, कंपनी ने स्वीकार किया कि उसने एक एआई आधारित एम्प्लॉई मॉनिटरिंग प्रोग्राम शुरू किया था, जिसका उद्देश्य एआई मॉडल को कर्मचारियों के वास्तविक कामकाज के तरीके से ट्रेन करना था।

## ग्राहकों से वसूला जबरन सर्विस चार्ज 41 रेस्तरां पर कार्रवाई



**नई दिल्ली।** रेस्तरां में ग्राहकों से उनकी सहमति के बिना बिल में सर्विस चार्ज जोड़ने की बढ़ती शिकायतों पर केंद्र सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए देशभर के 41 रेस्तरां के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। उपभोक्ता मामलों, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी देते हुए कहा कि उपभोक्ता अधिकारों का उल्लंघन करने वाले रेस्तरां पर जुर्माना लगाया गया है। उनके खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है तथा उन्हें बिल में स्वतः सर्विस चार्ज जोड़ने की प्रथा तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं।

### हैदराबाद में हैरान करने वाला मामला सामने आया

## नग्नावस्था में मंदिर से महिला इंजीनियर देवी की मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

यहां एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। 25 साल की एक युवती ने नग्न अवस्था में मंदिर में प्रवेश किया। वह देवी अम्मावरु की मूर्ति उठाकर भागी और पास के तालाब में कूद गई। पुलिस ने तालाब से युवती का शव बरामद कर लिया है, लेकिन पुलिस गोताखोरों की मदद से मूर्ति की तलाश कर रही है, जिसे महत्वपूर्ण सबूत माना जा रहा है।

#### मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी

जांच में सामने आया है कि मृत युवती मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थी। वह पहले बेंगलुरु में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के तौर पर काम करती थी। इसके बाद वह विशाखापत्तनम में रहने लगी थी। युवती के माता-पिता के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। इस वजह से उसके पिता विशाखापत्तनम में रहते हैं, जबकि उसकी मां हैदराबाद के पीरजादिगुडा में रहती थीं। युवती और उसकी मां दोनों ही भय और डर से ग्रस्त थीं।

#### घटना से पहले मां को कमरे में किया बंद

पुलिस ने बताया कि घटना से पहले 17 जुलाई को युवती अपनी मां के साथ मियापुर में एक फ्लैट देखने गई थी। वे वहां दो बेडरूम का अपार्टमेंट खरीदने की योजना बना रही थीं। घर लौटने के बाद दोनों अपने-अपने कमरों में सोने चली गईं। इसके बाद युवती ने अपनी मां के कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। फिर वह नग्न अवस्था में मंदिर गई और वहां से मूर्ति लेकर तालाब में कूद गई।

### यूएनएससी की स्थाई सदस्यता के लिए भारत की कूटनीति दुनिया में लहराएगी कामयाबी का परचम!



**नई दिल्ली।** भारत ने 2028-29 के कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में अस्थायी सीट के लिए अपना अभियान औपचारिक रूप से शुरू कर दिया है। एशिया-पैसिफिक ग्रुप की एकमात्र उपलब्ध सीट के लिए भारत का ताजिकिस्तान के साथ सीधा मुकाबला शुरू हो गया है। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में यूएनएससी के लिए भारत की उम्मीदवारी का अभियान शुरू किया है। इस अभियान की थीम शांति है जिसका अर्थ है नियमों, भरोसे और ईमानदारी के जरिए हर क्षेत्र में प्रगति सुनिश्चित करना। इसके जरिए भारत को शांति, जिम्मेदार वैश्विक शासन और ग्लोबल साउथ यानि विकासशील देशों की मजबूत आवाज के तौर पर पेश किया गया। इसके साथ ही भारत संयुक्त राष्ट्र पर सुरक्षा परिषद में बदलावों के लिए दबाव भी बना रहा है। ऐसे में कुछ लोगों को यह अजीब लग सकता है कि जब भारत यूएसएससी का स्थाई सदस्य बनने के लिए कोशिश कर रहा है, फिर अस्थाई सीट के लिए कैंपेन क्यों चला रहा। हालांकि, बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसके पीछे एक सोची समझी रणनीति है, जो भारत की स्थायी सदस्यता की दावेदारी को मजबूत करेगा।

*3 घंटे चली मीटिंग विपक्ष का वॉकआउट*

## मानसून सत्र आज से, सर्वदलीय बैठक में 40 पार्टियां हुईं शामिल

### रिजिजू बोले-सबने अपनी बात रखी, वंदे मातरम से जुड़ा बिल होगा पेश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मानूसन सत्र से एक दिन पहले रविवार को संसद भवन के एनेक्सी बिल्डिंग में सर्वदलीय बैठक हुई। 3 घंटे चली मीटिंग की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। मीटिंग में कांग्रेस, सपा, टीएमसी, डीएमके सहित 40 दलों के नेता शामिल हुए। हालांकि बैठक के बीच विपक्ष ने सांकेतिक वॉकआउट किया। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने टीएमसी के बागी 20 सांसदों के गुट को बैठक में क्यों बुलाया, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने उनके गुट को अभी तक मान्यता नहीं दी है। उधर संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने बैठक के बाद कहा कि, मीटिंग में अच्छी चर्चा हुई। सबने अपनी बात रखी। सदन बिना रुकावट चले, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे।

#### बागी सांसदों ने अलग बैठने की व्यवस्था की मांग उठाई

एनसीपीआई के 20 लोकसभा सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष को हस्ताक्षरित आवेदन देकर नए दल के रूप में मान्यता और संसद में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की है। यह मामला स्पीकर के विचाराधीन है। जब मामला स्पीकर के पास है और 20 सांसदों का समूह मौजूद है, तो उन्हें सर्वदलीय बैठक में कैसे नहीं बुलाया जा सकता? लोकसभा सभी की है। सरकार का दायित्व है कि वह सभी दलों से बातचीत करे। यदि सहमति बनानी है तो सभी को आमंत्रित करना होगा।

### निर्यात की पहली खेप रवाना, कश्मीरी चेरी और प्लम सिंगापुर में मचा रहे धूम



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के प्रीमियम फलों को वैश्विक बाजार देने की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने जम्मू-कश्मीर के शोपियन और पुलवामा से सिंगापुर के लिए प्रीमियम अरेको चेरी (उच्च घनत्व वाली यूरोपीय मीठी चेरी) और सेंटरोज़ प्लम की पहली निर्यात खेप को सफलतापूर्वक रवाना कर दिया है। संयुक्त अरब अमीरात (दुबई और अबू धाबी) के बाद अब सिंगापुर को हुआ यह निर्यात कश्मीर के उच्च गुणवत्ता वाले शीतोष्ण फलों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती मांग को दर्शाता है।इस ऐतिहासिक निर्यात के लिए 16 जुलाई 2026 को एपीईडीए ने मेसर्स ओसुम फूड सॉल्यूशंस एलएलपी और मेसर्स फ्रूट मास्टर एग्रो फ्रेश प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया था। सिंगापुर भेजे गए। इन फलों की कटाई, ग्रेडिंग, पैकिंग और परिवहन पूरी तरह वैज्ञानिक पद्धति से किया गया है।

### आईसीएमआर की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा

# भारत के 87 प्रतिशत वयस्कों में कोलेस्ट्रॉल का खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में कोलेस्ट्राल की समस्या तेजी से गंभीर होती जा रही है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आइसीएमआर) के राष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार, करीब 87.3 प्रतिशत भारतीय वयस्क असामान्य लिपिड स्तर (डिसलिपिडमिया) से प्रभावित हैं। यानी औसतन 10 में से नौ लोगों में खराब कोलेस्ट्राल की समस्या मौजूद है। खास बात यह है कि इनमें बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है जो देखने में पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें न मोटापा है, न डायबिटीज और न ही उच्च रक्तचाप। आइसीएमआर-इंडियाबी अध्ययन के अनुसार असंतुलित खानपान और बदलती जीवनशैली इस समस्या की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरे हैं।

> *विशेषज्ञों का कहना है कि हृदय रोग केवल आनुवंशिक कारणों से नहीं होते, बल्कि हमारी रोजमर्रा की आदतें भी इसके लिए समान रूप से जिम्मेदार हैं। संतुलित भोजन, नियमित व्यायाम, वजन नियंत्रित रखना और तंबाकू से दूरी बनाकर इस खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।*

#### भोजन में कार्बोहाइड्रेट की अधिक मात्रा



डिसलिपिडमिया का सबसे बड़ा कारण शरीर में एचडीएल (अच्छे कोलेस्ट्राल) का कम होना और ट्राइग्लिसराइड का बढ़ना है। एचडीएल धमनियों से खराब वसा को बाहर निकालने में मदद करता है। इसके कम होने से धमनियों में वसा जमा होने लगती है, जिससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक और अन्य हृदय रोगों का खतरा बढ़ जाता है। साथ ही इंसुलिन रेजिस्टेंस का जोखिम भी बढ़ता है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारतीय भोजन में कार्बोहाइड्रेट की अधिक मात्रा लोगों को स्वाभाविक रूप से इस समस्या के प्रति अधिक संवेदनशील बनाती है।

#### एचडीएल कम होना व ट्राइग्लिसराइड बढ़ना प्रमुख समस्या

अध्ययन के तहत सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के 23,665 लोगों की लिपिड प्रोफाइल का विश्लेषण किया गया। डायबिटीज विशेषज्ञ और इस अध्ययन के लेखकों में से एक, डा. आरएम अंजना ने कहा, असामान्य लिपिड अब ज्यादातर भारतीय वयस्कों में यह आम बात हो गई है, और अक्सर इसकी शुरुआत 30 की उम्र में ही हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, 30 से 39 वर्ष आयु वर्ग के लोगों में डिसलिपिडमिया का जोखिम सबसे अधिक पाया गया। यह जीवन का सबसे उत्पादक दौर माना जाता है, लेकिन इसी समय शरीर के मेटाबोलिज्म में अस्वास्थ्यकर बदलाव भी तेजी से शुरू हो जाते हैं। महिलाओं, विशेषकर शहरी महिलाओं में, यह खतरा ग्रामीण महिलाओं की तुलना में अधिक देखा गया। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता चलन, लंबे समय तक बैठे रहकर काम करना और शारीरिक गतिविधियों में कमी इस स्थिति को और गंभीर बना रहे हैं।

### तौलिए से फंदा बना पंखे से लटका

## अब जयपुर में नीट के छात्र ने दी जान

**दो वर्ष से कर रहा था तैयारी नीट का रिजल्ट आने के बाद उठाया घातक कदम**

**जयपुर (एजेंसी)।** नीट रिजल्ट के बाद राजस्थान के सीकर में एक छात्र ने जान दे दी। जानकारी के मुताबिक, 17 वर्षीय छात्र हॉस्टल में पंखे से तौलिए से लटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस को मौके से कोई नोट बरामद नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र जयपुर ग्रामीण का रहने वाला था। रविवार को जब सुबह हॉस्टल में उसके कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो हॉस्टल स्टाफ ने खिड़की से देखा तो वह फंदे से लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिछले दो वर्षों से सीकर में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि छात्र ने कमरे में रखी बाल्टी को उल्टा कर उस पर खड़े होकर तौलिए से फंदा बनाया और पंखे से लटक गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28